1– सूरसरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात समस्त विभागों की योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभावों से सम्बन्धित सूची पूर्ण कर ली जाये।

2– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में दाखिल ओ0ए0 संख्या 529/2023 डा0 शरद गुप्ता बनाम भारत सरकार एवं अन्य में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा परित आदेश दिनांक 30–04–2024 में उल्लिखित गाटा–18 के सम्बन्ध में विवरण को सुनवाई की अगली तिथि पर प्रेषित कर दिया जाए।

3– क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, आगरा के माध्यम से सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमा के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात् अन्य विभागों की प्रभावित होने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में EIA (Environmental Impact Assessment)-2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता की सूची तैयार कर ली जाए।

4– उपरोक्त बिन्दु के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, आगरा की अध्यक्षता में समस्त विभागों की बैठक आयोजित कर ली जाए।

उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट
उ0प्र0, आगरा

File No.81-4099/86/2020-04-,

**मा0 एन0जी0टी0 में योजित वाद ओ0ए0 सं0 529/2023 में दाखिल शपथ पत्र दिनांक 28.11.2023 में विहित टाइमलाइन का समयबद्ध रूप से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श कर अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु अपर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में वन मुख्यालय, लखनऊ स्थित 'पारिजात सभाकक्ष' में दिनांक 04.03.2024 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।**

उक्त बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारियो द्वारा प्रतिभाग किया गया:-

1. श्री सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ।
2. श्री संजय श्रीवास्ताव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ।
3. श्री सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रोजेक्ट टाईगर, उ0प्र0, लखनऊ।
4. श्री आशीष तिवारी, सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. श्री एन0 रविन्द्र, मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव पश्चिमी, उ0प्र0।
6. श्री नीरज कुमार, मुख्य वन संरक्षक, ईको, उ0प्र0।
7. श्री अबू अरशद खान, उप वन्यजीव प्रतिपालक, उ0प्र0।
8. सुश्री आरूषी मिश्रा, उप मुख्य वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सेन्चुरी प्रोजेक्ट, आगरा, उ0प्र0।
9. श्री अजय कुमार, ए0डी0एम0 प्रशासन, आगरा, उ0प्र0।
10. श्री कृष्ण चन्द्रशेखर, वाईल्ड लाईफ वार्डेन, राष्ट्रीय चम्बल सेन्चुरी, प्रोजेक्ट, इटावा, उ0प्र0।
11. श्री देवेन्द्र कुमार, तहसीलदार, कीरावली, आगरा, उ0प्र0।
12. श्री एच0एल0 चौधरी, नायब, तहसीलदार, आगरा, उ0प्र0।

3185/E
DFO
ADM(E)

2- उक्त बैठक की कार्यवाही निम्नवत है:-

(क) सूर सरोवर पक्षी विहार के अधिसूचित क्षेत्रफल 403.09 हे0 को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के धारा-26ए के तहत अधिसूचित किये जाने के सम्बन्ध में निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार ही प्रगति पायी गयी। प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरान्त सुचारू रूप से कार्यवाही की जाय।

(ख) प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) द्वारा अवगत कराया गया कि सूर सरोवर पक्षी विहार के अर्न्तगत सूरदास वन ब्लाक के 380.558 हे0 क्षेत्रफल को वन्यजीव विहार का क्षेत्र घोषित करने हेतु प्रस्ताव निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार शासन को उपलब्ध करा दिया गया है। सूर सरोवर पक्षी विहार के अतिरिक्त क्षेत्रफल 15.41 हे0 के प्रस्तावित क्षेत्र के विरूद्ध वास्तव में उपलब्ध 14.50 हे0 का वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा-18 की अधिसूचना का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी
आगरा
26/3/2024

(कार्यवाही-प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0)

(ग) सूर सरोवर पक्षी विहार में सूरदास वन ब्लाक आरक्षित वन क्षेत्रफल 380.55 हे0 एवं अतिरिक्त क्षेत्रफल 14.50 हे0 सम्मिलित होने के पश्चात सेंचुरी के क्षेत्रफल बढ़ने एवं परिणामस्वरूप Eco-Sensitive Zone (ESZ) के विस्तार में भी परिवर्तन होने की सम्भावना है। अतः इस पर आगरा जनपद के जिलाधिकारी के स्तर से विभिन्न विभागों का अभिमत प्राप्त किया जाना उचित होगा। अतः जिलाधिकारी, आगरा प्रश्नगत अतिरिक्त क्षेत्र 380.55 हे0 + 14.50 हे0 के प्रस्तावित ESZ में ESZ गाइडलाइन के अनुसार Prohibited, Permitted and Regulated Activities की दृष्टि से विकास की परियोजनाओं पर इनके प्रभाव के सम्बन्ध में समस्त संबंधित विभागों का अभिमत प्राप्त

कर प्रस्तुत करेंगे ताकि इस क्षेत्र में आने वाली विकास व अन्य परियोजनाओं के दृष्टिगत सम्बन्धित विभागों का अभिमत स्पष्ट हो सके।

(कार्यवाही–जिलाधिकारी, आगरा)

(घ) सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात प्रस्तावित क्षेत्रफल 380.55 हे0 + 14.50 हे0 से सम्बन्धित बदलाव एवं सम्भावित परिणामी स्थिति के आधार पर ESZ गाइडलाइन के अनुसार Prohibited, Permitted and Regulated Activities के दृष्टिगत विकास की परियोजनाओं पर इनके प्रभाव के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, आगरा की आख्या प्राप्त हो जाने के पश्चात् सभी विभागों की बैठक शासन स्तर पर भी आयोजित की जायेगी। उपरोक्तानुसार विचार–विमर्श के पश्चात सूरसरोवर पक्षी विहार एवं अतिरिक्त क्षेत्रों के सम्मिलित किये जाने संबंधी प्रस्ताव को शासन के माध्यम से राज्य वन्यजीव बोर्ड (SBWL) के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर मत स्थिर किया गया।

"बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।"

Digitally Signed by मनोज सिंह
Date: 22-03-2024 19:04:42
Reason: Approved

(मनोज सिंह)
अपर मुख्य सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–4
संख्या–471/81-4–2024
लखनऊ, दिनांक 26 मार्च, 2024

प्रतिलिपि निम्ननिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा० राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ०प्र शासन।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ०प्र० शासन।
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष/वन्यजीव, उ०प्र० लखनऊ।
4. जिलाधिकारी, आगरा, उ0प्र0।
5. समस्त सम्बन्धित अधिकारी (द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0।)
6. गार्ड फाइल।

(आशीष तिवारी)
सचिव।

T-C

2368
4-4-2024

प्रेषक,

**जिलाधिकारी,**
आगरा।

सेवा में,

**सचिव,**
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ।

विषयः– **सूरसरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात् सूरसरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में अभिमत।**

महोदय,

कृपया सादर अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार, कीठम, आगरा की सीमाओं के नोटिफिकेशन जारी किये जाने के सम्बन्ध में मा0 एन0जी0टी0 में योजित वाद ओ0ए0 सं0 529/2023 शरद गुप्ता बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य आदि में शपथपत्र दाखिल दिनांक 28–11–2023 में विहित टाइमलाइन का समयबद्ध रूप से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में विचार–विमर्श कर अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु अपर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में वन मुख्यालय, लखनऊ स्थित पारिजात सभाकक्ष में दिनांक 04–03–2024 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त संख्या–471/81–4–2023 दिनांक 26–03–2024 में दिये गये **बिन्दु संख्या(ग)** में उल्लिखित है कि :–

"सूर सरोवर पक्षी विहार में सूरदास वन ब्लाक आरक्षित वन क्षेत्रफल 380.55 हे0 एवं अतिरिक्त क्षेत्रफल 14.50 हे0 सम्मिलित होने के पश्चात सैंक्चुरी के क्षेत्रफल बढ़ने एवं परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन (ESZ) के विस्तार में भी परिवर्तन होने की सम्भावना है। अतः इस पर आगरा जनपद के जिलाधिकारी के स्तर से विभिन्न विभागों का अभिमत किया जाना उचित होगा। अतः जिलाधिकारी, आगरा प्रष्नगत अतिरिक्त क्षेत्र 380.55 हे0+14.50 हे0 के प्रस्तावित ESZ में ESZ गाइडलाइन्स के अनुसार Prohibited, Permitted and Regulated Activities की दृष्टि से विकास की परियोजनाओं पर इनके प्रभाव के सम्बन्ध में समस्त सम्बन्धित विभागों का अभिमत प्राप्त कर प्रस्तुत करेंगे, ताकि इस क्षेत्र में आने वाली विकास एवं अन्य परियोजनाओं के दृष्टिगत सम्बन्धित विभागों का अभिमत स्पष्ट हो सके।"

उपरोक्त के सम्बन्ध में दिनांक 30–03–2024 को विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विभिन्न विभागों को निम्नलिखित सूचनायें अविलम्ब प्रेषित किये जाने हेतु निर्देश दिये गयेः–

**(क)**– मा0 न्यायालयों के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं आपके विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ट अभिमत।

**(ख)**– उक्त के आलोक में सूर सरोवर पक्षी विहार के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करते हुए सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में आपका अभिमत।

उपरोक्त सूचनायें विभिन्न विभागों से प्राप्त की गयी। अतः विभिन्न विभागों से प्राप्त सूचनायें संलग्नकर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित है।

संलग्नकः– **उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,
06/06/24

**(भानु चन्द्र गोस्वामी)**
जिलाधिकारी,
आगरा।

CIN: U60300UP2013SGC060836

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि0

UTTAR PRADESH METRO RAIL CORPORATION LTD.

(Formerly Known as Lucknow Metro Rail Corporation Ltd.)

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार का एक संयुक्त उपक्रम)

(A JOINT VENTURE OF GOVT. OF INDIA & GOVT. OF U.P.)

UPMRCL/PD/AGRA/2024/ 015 Dated: - 17/05/2024

प्रेषक,

परियोजना निदेशक
आगरा मेट्रो रेल परियोजना
आगरा

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
आगरा, उ0प्र0 ।

विषय:- सूर सरोवर पक्षी विहार, कीठम आगरा के क्षेत्रफल में विस्तारण उपरान्त इको सेन्सिटिव ज़ोन के विस्तार में सम्भावित परिवर्तन के संदर्भ में।

संदर्भ:- 1- उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट का पत्रांक 2006/ 12-1; दिनांक:- 09-04-2024

2- आपका पत्रांक संख्या 231 / डीएलआरसी, दिनांक :- 23/04/2024

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रांक 2006/ 12-1; दिनांक:- 09-04-2024, जिसके माध्यम से यू०पी०ऍम०आर०सी०एल०, आगरा मेट्रो को, सूर सरोवर पक्षी विहार, कीठम आगरा के क्षेत्रफल (380.55 है०) में 14.50 है० अतिरिक्त क्षेत्रफल सम्मिलित होने के परिणामस्वरुप इको सेन्सिटिव ज़ोन में सम्भावित विस्तार से आगरा मेट्रो परियोजना पर इसके प्रभाव सम्बन्ध में अभिमत प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

उपरोक्त विषयक प्रकरण के सम्बन्ध में उपरोक्त संदर्भित पत्रांक में दो बिन्दुओ पर सूचना यू०पी०ऍम०आर०सी०एल०, आगरा मेट्रो से आपेक्षित; जो कि बिन्दुवत निम्नलिखित है

(क) आपको अवगत कराना है वर्तमान में सूर सरोवर पक्षी विहार के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्रवेश द्वार से आगरा मेट्रो परियोजना के सिकंदरा मेट्रो स्टेशन की दूरी लगभग 10.7 कि०मी० है । वर्तमान में सूर सरोवर पक्षी विहार, कीठम आगरा के क्षेत्रफल बढ़ने के परिणामस्वरुप इको सेन्सिटिव ज़ोन के विस्तार की सीमा को यदि 1 कि०मी० ही रखा जाए तो आगरा मेट्रो परियोजना पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

(ख) सूर सरोवर पक्षी विहार, कीठम आगरा के क्षेत्रफल बढ़ने के परिणामस्वरुप इको सेन्सिटिव ज़ोन के विस्तारण की सीमा 10 कि०मी० किये जाने पर आगरा मेट्रो परियोजना के सिकंदरा मेट्रो स्टेशन की नए क्षेत्रफल की सीमा से दूरी लगभग 09 कि०मी० रह जाएगी । अतः सरोवर पक्षी विहार के इको सेन्सिटिव ज़ोन की विस्तारण सीमा को 1 कि०मी० ही रखा जाये।

इस विषय पर आपका सादर सहयोग एवं समर्थन सराहना योग्य है।

भवदीय

(अरविन्द राय)
परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि-

1. जिलाधिकारी, आगरा को सादर सूचनार्थ हेतु ।
2. मुख्य परियोजना प्रबंधक -01, आगरा मेट्रो परियोजना को सूचनार्थ हेतु ।

(AN ISO 9001:2015, ISO 14001:2015, OHSAS 18001:2007 Certified Company)

Administrative Building, Near Dr. Bhimrao Ambedkar Samajik Parivartan Sthal, Vipin Khand, Gomti Nagar, Lucknow 226010

Tel.: +91 522 2304014 | Fax. +91 522 2304013

# दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0

उ0प्र0 सरकार का उपक्रम

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
ऊर्जा भवन, 220 केवी विद्युत उपकेन्द्र, आगरा-मथुरा बाईपास रोड, सिकन्दरा, आगरा (उ0प्र0)
फोन:- 0562 2602305, 2601852, 2600630, फैक्स- 0562 2601827, Email ID- dvvnlmd@gmail.com
CIN No: U31200UP2003SGC027460

पत्रांक 2214 / तक0 / द0वि0वि0नि0लि0 — दिनांक 08.05.2024

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चंबल प्रोजेक्ट,
आगरा (उ0प्र0)

विषयः— <u>सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।</u>

उपरोक्त विषयक स्वकार्यालयी पत्रांक 2077/12—1 दिनांक 22.04.2024 के संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से सूर सरोवर पक्षी विहार में सेंक्चुरी के क्षेत्रफल बढ़ने के फलस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने के दृष्टिगत विकास की परियोजनाओं पर इनके प्रभाव के संबंध में अभिमत प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त की विन्दुवत आख्या निम्नवत है।

(क) मा0 न्यायालयों के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार एवं निकटवर्ती क्षेत्र में आवश्यकतानुसार विद्युत आपूर्ति प्रदान करने हेतु एच टी लाइनें, एल टी लाइनें व परिवर्तक पूर्व से स्थापित हैं, जिनके रखरखाव व सुदृढ़ीकरण का कार्य विभाग द्वारा समय—समय पर कराया जाता है। यदि इन लाइनों/परिवर्तकों के विस्थापन का कार्य आप द्वारा प्रस्तावित किया जाता है तो तकनीकी संभाव्यता के अनुसार पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत विद्युत विभाग द्वारा यह कार्य कराया जा सकता है।

(ख) सूर सरोवर पक्षी विहार के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में विभाग का अभिमत है कि सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन का निर्धारण शून्य से एक किलोमीटर रखा जाय जिससे विस्तारित क्षेत्र में कम विद्युत लाइने आच्छादित होंगी। यद्यपि यह एक नीतिगत निर्णय है जिसमें विद्युत विभाग का कोई प्रस्ताव देना उचित नहीं है।

(ग) वर्तमान में विद्युत विभाग की रिवैम्प योजना एवं अतिरिक्त बिज़नेस प्लैन के कार्य किये जा रहे हैं जो कि लाइनों/परिवर्तकों के विस्थापन के कार्य से प्रभावित होंगे।

(घ) लाइनों/परिवर्तकों के विस्थापन के कार्य से स्थानिय उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित होगी ।

(अमित किशोर)
<u>प्रबन्ध निदेशक</u>

उ0प्र0 सरकार का उपक्रम

# दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0

(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
ऊर्जा भवन, 220 केवी0 सब-स्टेशन, आगरा-मथुरा बाईपास रोड, सिकन्दरा, आगरा (उ0प्र0)
फोन-- 0562 2602305, 2601052, 2605609, फैक्स - 0562 2601827, Email ID- dvvnlmd@gmail.com
CIN No: U31200UP2003SGC027460

पत्रांक 1065 /तक0/द0वि0वि0नि0लि0 दिनांक 26.04.2024

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चंबल प्रोजेक्ट,
आगरा (उ0प्र0)

विषयः— सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक स्वकार्यालयी पत्रांक 2077/12—1 दिनांक 22.04.2024 के संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से सूर सरोवर पक्षी विहार में सेंक्चुरी के क्षेत्रफल बढ़ने के फलस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने के दृष्टिगत विकास की परियोजनाओं पर इनके प्रभाव के संबंध में अभिमत प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त की विन्दुवत आख्या निम्नवत है।

(क) मा0 न्यायालयों के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार एवं निकटवर्ती क्षेत्र में आवश्यकतानुसार विद्युत आपूर्ति प्रदान करने हेतु एच टी लाइनें, एल टी लाइनें व परिवर्तक पूर्व से स्थापित हैं, जिनके रखरखाव व सुदृढ़ीकरण का कार्य विभाग द्वारा समय—समय पर कराया जाता है। यदि इन लाइनों/परिवर्तकों के विस्थापन का कार्य आप द्वारा प्रस्तावित किया जाता है तो तकनीकी संभाव्यता के अनुसार पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत विद्युत विभाग द्वारा यह कार्य कराया जा सकता है।

(ख) सूर सरोवर पक्षी विहार के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में विभाग का अभिमत है कि सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन का निर्धारण शून्य से एक किलोमीटर रखा जाय जिससे विस्तारित क्षेत्र में कम विद्युत लाइनें आच्छादित होंगी। यद्यपि यह एक नीतिगत निर्णय है जिसमें विद्युत विभाग का कोई प्रस्ताव देना उचित नहीं है।

(सिद्धार्थ मिश्रा)
मुख्य अभियन्ता (तकनीकी)

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, द0वि0वि0नि0लि0, आगरा को मृदु संज्ञानार्थ।
2. निदेशक (तकनीकि), द0वि0वि0नि0लि0, आगरा।

(सिद्धार्थ मिश्रा)
मुख्य अभियन्ता (तकनीकी)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें
SAVE ELECTRICITY IN THE INTEREST OF THE NATION

कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
आगरा सम्भाग, आगरा।
E-mail: rtoag-up@nic.in

संख्या 121 / सा0प्र0 / विविध / 2024 दिनांक 29.04.2024

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

विषयः—सूर रसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या 2077 / 12–1, दिनांक 22.04.2024, जिसके द्वारा सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में परिवहन विभाग से सम्बन्धित बिन्दुवार सूचना निम्नवत् है:—

(क)— अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के सम्भावित क्षेत्र में परिवहन विभाग के अन्तर्गत निजी क्षेत्र की स्वचालित परीक्षण स्टेशन, खसरा नं0–26 नि0 ग्राम अरसैना, तहसील–किरावली, जनपद आगरा में निर्माणाधीन है।

(ख)— सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त क्षेत्र में परिवहन विभाग की कोई अन्य योजना / कार्यालय वर्तमान में संचालित नहीं है। अतः प्रकरण में आख्या शून्य है।

भवदीय

सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
आगरा।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
परियोजना गलियारा इकाई–मथुरा (फरीदाबाद)
प्लॉट सं0 8, टोल प्लाजा भवन के समीप, मथुरा रोड, फरीदाबाद–121003
National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
Corridor Management Unit -Mathura (At Faridabad)
Plot No.8, Near Sarai Toll Plaza Building, Mathura Road Faridabad - 121003
सत्यमेव जयते

फोन / Phone: 0129-3501177
वेबसाइट/Website: www.nhai.gov.in
ईमेल Email: mat@nhai.org

NHAI/CMU/MTR/6-laning/2024/D-74887.

Dated: 26.04.2024

To,

Deputy Conservator of Forests,
National Chambal Sanctuary Project
UP Agra Pin-282005
(Near Central Hindi Institute)
e-mail: dfochambal@gmail.com

Sub: Six laning of Delhi - Agra Section of NH-2 from Km. 20.500 to Km. 200.000 in the State of Haryana and Uttar Pradesh on DBFOT basis under NHDP Phase-V - **Reg. Impact on Project due to Reassessment of Eco sensitive Zone of Soor Saroovar Bird sanctuary.**

Ref: (i) Your office letter no 2049/12-1 Dated 16.04.2024
(ii) IE Letter no. 1306 dt. 20.04.2024

Sir,

Please refer to your letter under reference (i) vide which requested for comments regarding subject.matter.

2. In this regard, IE of the project highway has submitted the following:

Project of six laning of Delhi-Agra section of NH-2 (NH-19) from km. 20.500 to km. 200.000 passes through Faridabad, Palwal, Mathura, Agra District. The area of Soor Sarovar Bird Sanctuary runs parallel to the subject highway from Ch. 179 + 260 to Ch. 182+900 in Agra District. Due to continuous development in the built up section of Mathura, Agra, a no. of representations has been received for construction of additional structures on the subject highway, therefore least expansion for ECZ area may be made so as to avoid impact on future developments.

This is for your information please.

Thanking You,

Encl: As above

General Manager (T) &,
Project Director
CMU - Mathura

Copy to: DM, Agra for information please.

Copy also to:
(i) TL, M/s L.N. Malviya Infra Projects Pvt Ltd, Faridabad - for information please.
(ii) Authorized Signatory, M/s DATR Pvt Ltd. for information please.

L. N. MALVIYA INFRA PROJECTS PVT. LTD.
Project Site Office: House No: 1931, Near Anupam Restaurant, Sector-28, Faridabad, (HR-121008)
Email:lnmdelhiagra2022@gmail.com

No. LNMIPPL/PD/NHAI/Delhi-Agra/2024/1306 **Date: ~~19~~.04.2024** 20

To,

**The Project Director, CMU-Mathura**
Plot No. 8, near Toll Plaza Building,
Main Mathura road
Faridabad-121003 (Haryana)
India, Tel: 0129 - 2400900

**Subject:** Independent Engineer Services during Operation & Maintenance period of 5 years for "Six Laning of Delhi-Agra section from Km. 20.500 to Km. 200 in the State of Haryana and U.P on Design, Build, Finance, Operate and Transfer (DBFOT) basis". **Reg – Impact on Project due to re-assessment of Eco Sensitive Zone of Soor Saroovar Bird sanctuary.**

Ref: - (i) Your office email dt 18.04.2024
(ii) Dy. Forest Conservator, National Chambal Sanctuary Project letter no. 2049/12 dt 16.04.2024

Dear Sir,

In reference to the letter of Dy. Conservator of Forest, we have examined the matter regarding impact on Projects of re-assessment of Eco Sensitive Zone of Soor Sarovar Bird Sanctuary and our comments are as under: -

- We would like to intimate that the subject project undertake development of six laning of Delhi-Agra section of NH-19 from km. 20.500 to km. 200.00 through Built Operate & Transfer basis and presently is under Operation & Maintenance phase.
- The project road lies in the State of Haryana and Uttar Pradesh starting from Badarpur Delhi Border (Km 20.500) and passes through Faridabad industrial area, Palwal, Hodal, Kosi, Mathura, Farah, Keetham, Artoni, Sikandra industrial area and ends at Water Works Agra (Km.200.000) in Uttar Pradesh.
- Furthermore, the Soor Sarovar Bird Sanctuary area runs parallel across the subject Project Highway from Ch. 179+260 to Ch. 182+900 LHS in Agra District, which is very busy highway in respect of huge traffic volume and over time development of additional structures through the demands of VIP and local people is taking place across the entire Project Highway, and it will become difficult once the area of ECZ is further expanded.
- Keeping in view the frequent developments in respect of additional structures on the Project Highway, we are of the view that least expansion for ECZ area may be made so that no impact on future developments, if any, is taking place in future.

Corporate Office : T-10, IIIrd Floor, City Centre, Press Complex, Plot No 1, M.P. Nagar, Zone-1, Bhopal (M.P.) 462011,
Tel./Fax : 0755 – 4295421, CIN No.: U45201DL2010PTC373715

L. N. MALVIYA INFRA PROJECTS PVT. LTD.
Project Site Office: House No: 1931, Near Anupam Restaurant, Sector-28, Faridabad, (HR-121008) Email:lnmdelhiagra2022@gmail.com

This is for your information and further necessary action.

With Regards,
For, L.N. Malviya Infra Projects Pvt. Ltd.

Rajesh Sudesh Ratna
Team Leader

Corporate Office : T-10, IIIrd Floor, City Centre, Press Complex, Plot No 1, M.P. Nagar, Zone-I, Bhopal (M.P.) 462011,
Tel./Fax : 0755 – 4295421, CIN No.: U45201DL2010PTC373715

उप महाप्रबन्धक (प्रचालन क्षेत्र आगरा)
Dy. General Manager Telecom.(Operational Area)
सी.टी.ओ. कम्पाउन्ड, आगरा (उ0प्र0)–282001.
CTO Compound, AGRA (U.P.)-282001
दूरभाष :0562–2226986
Email- dgmbsnl.agratd@gmail.com

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
Bharat Sanchar Nigam Limited
(A Govt. of India Enterprise)

सेवा में

उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा

पत्रांकः- एजीएम(ओ), एजीएम (ए एण्ड पी)ओए/सामान्य/2022–23/ दिनांक 25.04 2024

विषयः– सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– 1. 2006/12–1 दिनांक अप्रैल 09, 2024

सन्दर्भः– 2. 231/डीएलआरसी दिनांक 23.04.2024

उपरोक्त विषय में अवगत कराना है कि सन्दर्भित पत्रों के सम्बन्ध में माँगी गयी सूचना पत्र के साथ संलग्न है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार

उप महाप्रबन्धक
प्रचालन क्षेत्र, आगरा

प्रतिलिपिः-
१. ओ.एस.डी. कार्या0 व0म0प्र0, बीए आगरा को सूचनार्थ।

O/o DGM Transmission
CTO Compound Shahzadi Mandi
Targhar, Agra
Email: dgmtransagra@gmail.com

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Enterprise)

पत्रांक संख्या : उपमहाप्रबंधक आगरा ओ.ऐ./नोफन/सामान्य/२०२३-२४.　　　　दिनांक २४/०४/२०२४

सेवा में
श्रीमान उप वन संरक्षक,
आगरा

विषय : सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरांत ईको सेंसिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अनापत्ति सूचना

सन्दर्भ पत्रांक संख्या : २००६/१२-१ दिनांक ०९/०४/२०२४, कार्यालय उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सँक्टूरि प्रोजेक्ट, उत्तर प्रदेश, आगरा

सन्दर्भ पत्रांक संख्या : २३१/ डी एल आर सी , दिनांक २३/०४/२०२४, कार्यालय जिलाधिकारी आगरा

आदरणीय महोदय ,

आपको सूचित करना है कि उपरोक्त संदर्भित स्थान पर भारत संचार निगम लिमिटेड की कोई भी भूमिगत केबल नहीं है । अतः सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरांत ईको सेंसिटिव जोन के पुनर्निर्धारण में भारत संचार निगम लिमिटेड को कोई आपत्ती नहीं है।

उपमहाप्रबंधक
भारत संचार निगम लिमिटेड, आगरा
उप महाप्रबंधक (ट्रान्स / नौफन)
Dy. General Manager (Trans/ NOFN)
भा.सं.नि.लि., आगरा
B.S.N.L., AGRA

आवश्यक सूचना हेतु :
जिलाधिकारी, आगरा

प्रेषक,

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन),
आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

संख्या: 232 /डीएलआरसी दिनांक: 24 अप्रैल, 2024

विषय: सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निधारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

---

महोदय,

कृपया, उपर्युक्त विषयक प्रकरण में अपने पत्र संख्या–2020/12–1 दिनांक 10.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निधारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में बिन्दु संख्या–(क) व (ख) के सम्बन्ध में अभिमत उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।

उक्त प्रकरण में उप जिलाधिकारी, किरावली से आख्या दिनांकित 11.04.2024 प्राप्त हुई है। प्रस्तावित ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार से कृषि, शैक्षणिक, उद्योग, पर्यटन, आवासीय एवं परिवहन संबंधी इत्यादि विभिन्न परियोजनाएं प्रभावित होंगी, जिसके लिए ईको सेन्सिटिव जोन प्रस्तावित सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमा तक ही अर्थात शून्य किलो मीटर तक निर्धारित किया जाना उपयुक्त होगा।

अतः अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्तानुसार अभिमत/सूचना ग्रहण करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक:यथोक्त।

24/4/24

(अजय कुमार सिंह),
अपर जिलाधिकारी(प्रशासन),
आगरा।

# कार्यालय उपजिलाधिकारी किरावली आगरा

पत्राक 519 /र0का0 /2024 दिनांक: 11 अप्रैल, 2024

**विषय:- सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थिकरण के उपरांत ईको सेंसिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओ/विकास परियोजनाओ पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध मे ।**

---

**उप वन संरक्षक,**
**राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,**
**उ0 प्र0,आगरा ।**

महोदय,

उपरोक्त विषय से सम्बन्धित अपने पत्रांक 1988 / 12 - 1 दिनांक 02.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके अंतर्गत सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थिकरण के उपरांत ईको सैंसिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओ/विकास परियोजनाओ पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध मे नियत विन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।

उक्त के सम्बन्ध मे 1 से 10 किमी तक की रेंज मे आने वाले क्षेत्र के लेखपालो से जाँच कराकर सूचना प्राप्त की गई । वांछित सूचना व विभागीय मत निम्नवत है-

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | 1 किमी के अंतर्गत स्थित विकास परियोजनाओ का नाम (स्कूल , कालेज, विश्व विद्यालय, फैक्ट्री , आवासीय योजना अथवा अन्य कोई वडी परियोजना) | 10 किमी के अंतर्गत स्थित विकास परियोजनाओ का नाम (स्कूल , कालेज, विश्व विद्यालय, फैक्ट्री , आवासीय योजना अथवा अन्य कोई वडी परियोजना) | ईको सेंसिटिव जोन घोषित होने पर विकास परियोजनाओ पर पडने वाले प्रभाव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रुनकता | शारदा यूनिवर्सिटी, आनन्द इंजीनियरिंग कालेज, हैंडपम्प, | कालम संख्या 1 के अतिरिक्त एक दर्जन से | उक्त के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्लास्टिक पाइप व विवरेज की फैक्टरी, 2 हेक्टेयर मे स्थित डालफिन वाटर पार्क, कमला रावत व शिव देवी हॉस्पीटल, होटल विराज पैलेस, होटल श्रीनाथ, जैन इंडस्ट्रीज, बंसल स्टोन एण्ड स्टील, राजस्थान चर्मकला केन्द्र, अवनी इंडस्टीज, सी.एन.जी. सिलैंडर टेस्टिंग, इण्टर कालेज, राष्टीय राज्य मार्ग व रेलवे लाइन, पेट्रोल पम्प | अधिक जूता की फैक्टरी, आस्था सिटी जैसी आवासीय परियोजनाये, पेट्रोल पम्प, बालाजी वेवरेज, कोल्ड स्टोर, आईस फेक्टरी, मोनो फ्लामेंटस, इण्टर कालेज/विभिन्न टेक्निकल/मेनेजमेंट कालेज | 10 किमी की त्रिज्या मे ईको सेंसिटिव जोन बनाये जाने पर विभिन्न प्रकार की आवासीय एवं व्यवसायिक गतिविधियो के नियंत्रित होने की सम्भावना है। |
| 2 | सींगना | 10 हेक्टेयर मे प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र का साउथ एशिया रिजनल सेंटर, आगरा ट्रेड सेंटर(जूता फेक्टरी) व दिल्ली- आगरा राष्टीय राजमार्ग | गैस गोदाम, सेफ्टी ग्लास फेक्टरी, वर्धमान रिसोर्ट, विद्यालय व आवासीय कालोनिया | |
| 3 | अकबरा | - | कृष्णा कालोनी, आस्था सिटी आवासीय योजना , सिल्वर ग्रीन आवासीय योजना, ग्रीनवैली कांवेंट स्कूल, जीवन कंस्ट्रेक्शन कम्पनी (गिटटी प्लांट), श्री प्रताप सिंह इण्टर कालेज, मनीराम आई.टी.आई., राष्टीय राजमार्ग, श्रीमती द्रोपती देवी वाल विद्या मन्दिर, श्री पूरन प्रसाद डिग्री कालेज, गणेशीलाल डिग्री कालेज, वी.एस. विवरिज प्लांट, पैंट फेक्टरी अन्य आवासीय योजनाये, 10 वीघा मे वेयर हाउस प्रस्तावित तथा फेक्टरी हेतु प्राइवेट कम्पनीयो ने भूमि खरीद ली है | |
| 4 | मांगरौल गूजर | - | श्री ओम श्याम इण्टर कालेज, सी.एन.जी. सिलेंडर टेस्टिग सेंटर | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | साधन | - | नवाव सिंह किसान सेवा केन्द्र |
| 6 | खेड़ा साधन | - | पंडित दीनदयाल राजकीय इण्टर कालेज, राजपूताना आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल |
| 7 | नगला अरूआ | - | पीताम्बरा शीतगृह भरतपुर रोड, जमुना प्रसाद कोल्ड स्टोर भरतपुर रोड, हरप्रसाद अग्रवाल उ0 मा0 वि0 |
| 8 | मुरैंडा | - | गैस गोदाम वना है, किंतु बन्द है, प्राइवेट स्कूल |
| 9 | लोहकरेरा | - | पब्लिक स्कूल , इण्टर कालेज, पेट्रोल पम्प, कोल्ड स्टोर, गैस गोदाम, आवासीय कालोनी, ब्रुश फेक्टरी, पाइप फेक्टरी संचालित है। |
| 10 | खडवाई | - | सोस फेक्टरी, जूता फेक्टरी, दोना व कप प्लेट फेक्टरी वैग वनाने की फेक्टरी, स्कूल, आवासीय कालोनी |
| 11 | कुकथला | - | इण्टर कालेज, जे.सी.सी. फेक्टरी, शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थान, रेलवे लाइन परियोजना,बिधुत सवस्टेशन व आवासीय योजना |
| 12 | नागर | - | रेलवे लाइन परियोजना, आवासीय योजना |
| 13 | कीठम | | पेट्रोल पम्प, सीनियर सेकेंडरी/उ0 मा0 स्कूल, कोल्ड स्टोर, पापड फेक्टरी, मेरिज होम, राष्टीय राजमार्ग दक्षिणी वाईपास |
| 14 | जनूथा | - | इण्टर कालेज - 2 |
| 15 | मई | - | इण्टर कालेज, मेरिज होम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | अछनेरा | - | इण्टर कालेज-7, आई.टी.आई, कोल्ड स्टोर, पेट्रोल पम्प - 3, बिधुत सबस्टेशन, मण्डी समिति, आगरा - भरतपुर मार्ग | |
| 17 | कचौरा | - | हायर सेकेंडरी/इण्टर कालेज, मेरिज होम, पेट्रोल पम्प | |
| 18 | रायभा | - | कोल्ड स्टोर/आईस फेक्टरी, पटाका गोदाम, डिग्री कालेज, आई.टी.आई कालेज, रेलवे लाइन, मेरिज होम, जूस फेक्टरी, ओवरसीज ट्रेडर्स स्टोन फेक्टरी, दक्षिणी वाईपास, आवासीय कालोनी | |
| 18 | चौमा फरह | बी.एम.एस. इंजीनियरिग कालेज, दिल्ली- आगरा राष्टीय राजमार्ग | | |
| 19 | भिलावटी | - | कोल्ड स्टोरेज, आई.टी.आई., रेलवे परियोजना | |
| 20 | रैपुरा अहीर | - | उ0 मा0 विद्यालय | |
| 21 | कठवारी | - | वी.एम. डिग्री कालेज | |
| 22 | मंगूरी | - | महाराणा प्रताप कालेज आँफ एजूकेशन, दक्षिणी वाईपास, स्टोनमेन प्रा0लि0 मार्वल फैक्टरी, पेट्रोल पम्प, इण्टर कालेज | |

उपरोक्तानुसार वांछित सूचना सादर प्रेषित है ।

11/5/21

**उपजिलाधिकारी,**
**किरावली,आगरा**

प्रतिलिपिः- अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, आगरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

**उपजिलाधिकारी,**
**किरावली,आगरा**

Email

# आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा।

संख्या–3111 /डी/मु0न0नि0/2024 दिनांक– २२/04/2024

प्रेषक,

उपाध्यक्ष,
आगरा विकास प्राधिकरण,
आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0,
आगरा।

विषय–सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपरोक्त विषयक स्वंकीय पत्रांक–2049/12–1 दिनांक 16 अप्रैल, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयगत प्रकरण में बिन्दु सं0–(क) व (ख) के सम्बन्ध में वांछित सूचनायें तत्काल उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

तत्क्रम में अवगत कराना है कि–

(क) सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य (कीठम) के सम्बन्ध में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत अधिसूचना दिनांक 10.10.2019 द्वारा के अनुसार वर्तमान में आगरा विकास प्राधिकरण की विकास क्षेत्र सीमा के अन्तर्गत 403 हे0 के 01 किमी0 की परिधि में कुल क्षेत्रफल 360.17 हे0 ईको–सेंसटिव जोन से प्रभावित है। मा0सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सि0) सं0–13381/1984 (एम0सी0 मेहता बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य) के अन्तर्गत दिनांक 23.09.2022 को पारित आदेशों के अनुपालन के क्रम में सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य (कीठम) का संशोधित क्षेत्रफल 799.063 हे0 के 01 किमी0 की परिधि में कुल क्षेत्रफल 1050.67 हे0 ईको–सेंसटिव जोन से प्रभावित होगा, जिसके फलस्वरूप ग्राम–रूनकता, लोहकरेरा व खड़वई प्रभावित होगें। मौजा–रूनकता व खड़वई के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा 02 विन्यास मानचित्र, 01 समूह आवास मानचित्र, 02 स्कूल एवं 27 एकल आवासीय भवन मानचित्र स्वीकृत किये गये हैं।

(ख) सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य (कीठम) का संशोधित क्षेत्रफल 799.063 हे0 घोषित होने के उपरान्त 10 किमी0 की परिधि में क्षेत्रफल 13920.20 हे0 ईको–सेंसटिव जोन से प्रभावित होगा, जिसके फलस्वरूप आगरा विकास प्राधिकरण की विकास क्षेत्र सीमा के अन्तर्गत आगरा विकास प्राधिकरण की शास्त्रीपुरम् आवासीय योजना प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् की प्रस्तावित अरतौनी योजना प्रभावित होगी।

कृपया उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीया

उपाध्यक्ष

प्रतिलिपि :–

1. मण्डलायुक्त महोदया, आगरा को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सूचनार्थ प्रेषित।

उपाध्यक्ष

# आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा।

संख्या–3111 /डी/मु0न0नि0/2024 दिनांक– 22/04/2024

प्रेषक,

उपाध्यक्ष,
आगरा विकास प्राधिकरण,
आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्युरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0,
आगरा।

**विषय–सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक स्वंकीय पत्रांक–2049/12–1 दिनांक 16 अप्रैल, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयगत प्रकरण में बिन्दु सं0–(क) व (ख) के सम्बन्ध में वांछित सूचनायें तत्काल उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

तत्क्रम में अवगत कराना है कि–

(क) सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य (कीठम) के सम्बन्ध में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत अधिसूचना दिनांक 10.10.2019 द्वारा के अनुसार वर्तमान में आगरा विकास प्राधिकरण की विकास क्षेत्र सीमा के अन्तर्गत 403 हे0 के 01 किमी0 की परिधि में कुल क्षेत्रफल 360.17 हे0 ईको–सेंसटिव जोन से प्रभावित है। मा0सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सि0) सं0–13381/1984 (एम0सी0 मेहता बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया व अन्य) के अन्तर्गत दिनांक 23.09.2022 को पारित आदेशों के अनुपालन के क्रम में सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य (कीठम) का संशोधित क्षेत्रफल 799.063 हे0 के 01 किमी0 की परिधि में कुल क्षेत्रफल 1050.67 हे0 ईको–सेंसटिव जोन से प्रभावित होगा, जिसके फलस्वरूप ग्राम–रूनकता, लोहकरेरा व खड़वई प्रभावित होगें। मौजा–रूनकता व खड़वई के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा 02 विन्यास मानचित्र, 01 समूह आवास मानचित्र, 02 स्कूल एवं 27 एकल आवासीय भवन मानचित्र स्वीकृत किये गये हैं।

(ख) सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य (कीठम) का संशोधित क्षेत्रफल 799.063 हे0 घोषित होने के उपरान्त 10 किमी0 की परिधि में क्षेत्रफल 13920.20 हे0 ईको–सेंसटिव जोन से प्रभावित होगा, जिसके फलस्वरूप आगरा विकास प्राधिकरण की विकास क्षेत्र सीमा के अन्तर्गत आगरा विकास प्राधिकरण की शास्त्रीपुरम् आवासीय योजना प्रभावित होगी। इसके अतिरिक्त उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् की प्रस्तावित अरतौनी योजना प्रभावित होगी।

कृपया उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीया

उपाध्यक्ष

प्रतिलिपि :–

1. मण्डलायुक्त महोदया, आगरा को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सूचनार्थ प्रेषित।

उपाध्यक्ष

प्रेषक,

जिला पंचायत राज अधिकारी,
आगरा।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
आगरा।

पत्रांक 215 पं0/जी0सी0/2024-25

दिनांक 20 अप्रैल,2024

विषयः- **सूर सरोवर पक्षी बिहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनः निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

महोदया,

आपके कार्यालय पत्रांक 2040 दिनांक 09.04.2024 तथा कार्यालय उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चंबल सैन्चुरी प्रोजेक्ट उ0प्र0 आगरा के पत्र संख्या 2006 दिनांक 09.04.2024 के द्वारा उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण पर अभिमत चाहा गया है। इस कार्यालय के पत्रांक 182 दिनांक 16.0.2024 के द्वारा सूरसरोवर पक्षी बिहार के विकास खण्ड क्षेत्र अछनेरा के खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आख्या चाही गयी थी। खण्ड विकास अधिकारी अछनेरा द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक 36 दिनांक 18.04.2024 से अपनी आख्या उपलब्ध करा दी गयी है। आख्या के अनुसार

"विकास खण्ड क्षेत्र अन्तर्गत सूरसरोवर पक्षी बिहार के नजदीक जीरो से 10 किमी के दायरे में रुनकता, अरसैना,सींगना (सीमावर्ती पंचायतें), रैपुरा अहीर, कीठम, मई, रायभा, मुरैण्डा तथा मांगरौल गूजर पंचायतें आती हैं। सूरसरोवर पक्षी बिहार में सूरदास वन ब्लॉक का आरक्षित वन क्षेत्रफल 380.55 है0 एवं अतरिक्त 14.50 है0 सम्मिलित होने के पश्चात सेन्चुरी के क्षेत्रफल बढने के परिणाम स्वरूप ई.एस.जैड. के विस्तार में परिवर्तन होने की सम्भावना है। उपरोक्त विषयक संबन्धित ग्राम पंचायतों के सचिवों, प्रधानगणों तथा ग्रामवासियों से वार्ता की गयी। उक्त के सन्दर्भ में बताया गया कि ई.एस.जैड. का विस्तार 0 से 10 किमी होने पर लगभग 98 हजार की आबादी प्रभावित होगी। उपरोक्त क्षेत्र में कृषि, औद्योगिक इकाइयां, हाट बजार, परिवहन आदि के भी प्रभावित होने की प्रबल सम्भावना है। अभिमतानुसार सूरसरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण 0 से 10 किमी के बीच न रखकर 0 से 01 किमी के दायरे में रखा जाये।"

अतः खण्ड विकास अधिकारी अछनेरा के अभिमत को साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु सेवा में प्रेषित किया जा रहा है।

**संलग्न- उपरोक्तानुसार**

भवदीय

जिला पंचायत राज अधिकारी
आगरा।

प्रतिलिपिः- **निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैक्चुरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0 आगरा।
3. क्षेत्रीय वन अधिकारी, सूरसरोवर पक्षी विहार, कीठम, आगरा।

जिला पंचायत राज अधिकारी
आगरा।

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा

पत्रांक ५७०१३ / १५-१ आगरा, दिनांक, 18 अप्रैल 2024

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0,
आगरा।

विषय :– सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

संदर्भ:– आपका पत्रांक– 2049/12–1 दिनांक 16.04.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक के क्रम में मॉगी गयी सूचना निम्नप्रकार प्रेषित है:–

ईको सेसिटिव जोन क्षेत्र के अन्तर्गत तीन प्रकार की गतिविधिया आती हैं : –

1. **<u>प्रतिबंधित गतिविधियॉ</u> – ये गतिविधियॉ हैं जो सैंन्चुरी में पूर्णरूप में प्रतिबंधित होती हैं इनमें प्रतिबंधित गतिविधियॉ निम्नप्रकार है।**
   - I. खनन – ईको सेसिटिव ज़ोन के अन्दर किसी भी प्रकार का खनन करना उचित नहीं है।
   - II. आरा मशीन– नई आरा मशीनों की स्थापना करना उचित नहीं होगा।
   - III. उधोगों की स्थापना–किसी भी प्रकार के उधोगों की स्थापना नहीं होगी जिनसे जल, वायु, मृदा, ध्वनि इत्यादि प्रदूषण फैलाते हो।
   - IV. ईधन के रूप में लकड़ी का उपयोग– किसी भी प्रकार की लकड़ी ईधन व्यवसायिक रूप से उपयोग नहीं किया जाना। इसके लिए उक्त क्षेत्र में स्थापित होटल, ढावों इत्यादि पर नियंत्रण रखना होगा।
   - V. प्राकृतिक जल निकायों या स्थलीय क्षेत्रों में अपशिष्टों और ठोस अपशिष्टों का निर्वहन एस0टी0पी0 इत्यादि से सुधार के बाद ही वन क्षेत्र में छोड़ा जाये।
2. **<u>विनियमित गतिविधियॉ–</u> यह वह गतिविधियॉ हैं जो पूर्ण रूप से प्रतिबंधित नहीं है। परन्तु कुछ शर्तो के साथ की जा सकती है।**
   - I. **विकास कार्यो या अन्य आवश्यक परिस्थितियों हेतु वृक्ष पातन** – सूर सरोबर पक्षी विहार टी0टी0जैड0 क्षेत्र के अन्तर्गत है जिसमें वृक्ष पातन हेतु मा0 सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति/दिशा–निर्देशों के अनुसार ही किया जाना सम्भव है।
   - II. **विधुत केबिलों का प्रसार–** वृक्षों को बचाते हुए यथा संभव प्रयास किया जाये कि जमीन के अन्दर से ली जाये और वृक्षों की जड़ों से कम से कम 02 मीटर की दूरी बनी रहे जिससे वृक्षों की जड़ों को नुकसान न हो।
   - III. **पॉलीथीन बैग का उपयोग–** रिसाईकिल की जा सकने वाली पॉलीथीन का उपयोग किया जाना चाहिए।
   - IV. **सड़कों का चौड़ीकरण–** सड़कों का चौडीकरण पर्यावरण प्रभाव आंकलन का अध्ययन के उपरान्त ही किया जाना चाहिए।
   - V. **वायु व वाहन प्रदूषण** – बैटरी चलित वाहनों का अत्यधिक उपयोग किया जाना चाहिए जिससे वायु प्रदूषण न हो।
   - VI. **विदेशी प्रजातियॉ–** सक्षम स्तर की अनुमति के बाद ही विदेशी प्रजातियों को लगाना/उगाना/बढ़ाया जा सकता है।
3. **<u>अनुमति प्राप्त गतिविधियॉ</u>– यह वह गतिविधियॉ हैं जो अनुमति के बाद ही की जा सकती है।**
   - I. कीटनाशक का उपयोग – प्रतिबंधित कीटनाशक का प्रयोग कदापि न करें।
   - II. उक्त क्षेत्र में ईको पर्यटन की दृष्टि से अनुमन्य विकास कार्य किये जा सकते हैं।
   - III. एग्रो फॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाये।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा।

IS15700:2018

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड आगरा-01
(पूर्व निर्माण खण्ड-28, आगरा)
सेक्टर-13, आफिस काम्प्लैक्स, द्वितीय तल,
पं० दीनदयाल उपाध्यायपुरम, सिकन्दरा योजना, आगरा
E-Mail I.D. - cd28agr@upavp.com
eeavpcdagra1@gmail.com

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700 SQMS

पत्र सं० 868/यू.पी.एच.डी.बी./नि०ख०आगरा-01/YSKD/50 दिनांक 16/4/2024

सेवा में,

उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।
पिन कोड–282005
(हिन्दी इंस्टीट्यूट के समीप)

Email : dfochambal@gmail.com,
dfochambal@rediffmail.com

विषय :– **सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनः निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्रांक–2049/12–1 दिनांक 16/04/2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसके द्वारा सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनः निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में आख्या बिन्दुवार निम्नवत् है :–

बिन्दु संख्या–01

सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनः निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि परिषद की पं0 दीनदयाल उपाध्यायपुरम, सिकन्दरा योजना, आगरा का कुछ भाग ईको सेन्सिटिव जोन की 10 किमी की परिधि में आ रहा है। उक्त योजना में आवासीय एवं व्यवसायिक संचालित है।

बिन्दु संख्या–02

सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनः निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि परिषद की सम्पूर्ण प्रस्तावित अरतौनी भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या–05, आगरा ईको सेन्सिटिव जोन में 10 किमी की परिधि में आती है, जिसके अन्तर्गत ग्राम पनवारी, जऊपुरा, लखनपुर एवं अरतौनी गाँव की जमीने अधिग्रहित की जानी है, जिसमें आवासीय एवं व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित की जायेंगी।

उक्त योजनाओं को आपके द्वारा प्रेषित प्लान में अंकित कर दिया गया है, पूर्व भी इस कार्यालय के पत्रांक–464/यू0पी0एच0डी0बी0/नि0ख0आगरा–01/वाई0एस0के0डी0/35 दिनांक 02/03/2024 आख्या प्रेषित है। अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि उक्त बिन्दुओ से अवगत होते हुये ईको सेन्सिटिव जोन के पुनः निर्धारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(रजनीश कुशवाहा)
अधिशासी अभियन्ता
दिनांक 16/4/2024

पत्रांक 868/YSKD/50/

प्रतिलिपिः– **निम्नलिखित को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (म0), उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104 महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ।
2. उप आवास आयुक्त, भूमि अर्जन अनुभाग, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104 महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, आगरा वृत्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, सेक्टर–13, सिकन्दरा योजना, आगरा।
4. श्री अंकित गुप्ता–सहायक अभियन्ता/श्री बृजकिशोर सिंह–अवर अभियन्ता/श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह–मानचित्रक, निर्माण खण्ड आगरा–01, आगरा को उनके द्वारा उपरोक्तानुसार उपलब्ध करायी गयी आख्या/सूचना के क्रम में।

अधिशासी अभियन्ता

ND_(114)_Van Sanrakshak


Tentative ESZ of 10 Km
Legend
15.415 Ha
403.09 Ha
Extreme Pillars of 350.958 Ha
Keetham Lake
Tentative SSBS ESZ of 10 Km for 799.060 Ha Area
Agra

D/n J.E A.E E.E

दूरभाष नं0, 0562–2620382
ई–मेल jalkalagm@gmail.com

**कार्यालय महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम, आगरा**
**OFFICE OF THE GENERAL MANAGER, JALKAL VIBHAG, NAGAR NIGAM, AGRA**

पत्रांक 20 / म0प्र0 / जलवि / 2024 दिनांक 16 / 04 / 2024

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

विषय :– सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय के पत्र संख्या–2049 / 12–1 दिनांक 16 अप्रैल, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल के विस्तार से विकास की परियोजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अभिमत उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जलकल विभाग, आगरा द्वारा नगर निगम सीमा के अन्तर्गत पेयजल एवं सीवर व्यवस्था के रखरखाव एवं अनुरक्षण का कार्य किया जाता है, वस्तुगत क्षेत्र में पेयजल एवं सीवर सम्बन्धी कोई भी विकास की परियोजना चलायमान नहीं है, अतः उक्त सम्बन्ध में जलकल विभाग, आगरा स्तर से कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

भवदीय
(कुलदीप सिंह)
महाप्रबन्धक,
जलकल विभाग, आगरा।

पृ0सं0 / तदैव /
प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
1. नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम, आगरा।
2. मण्डलीय वन अधिकारी, आगरा।
3. क्षेत्रीय वन अधिकारी, सूरसरोवर पक्षी विहार, कीठम, आगरा।

महाप्रबन्धक,
जलकल विभाग, आगरा।

AGRA SMART CITY LIMITED
Regd. Office: AGRA SMART CITY BUILDING,
AGRA NAGAR NIGAM CAMPUS
NEAR SURSADAN, M.G. ROAD, AGRA-282002
Email: agrasmartcitylimited@gmail.com Website: www.agrasmartcity.in
CIN: U74999UP2017SGC088981

प्रेषक,

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड,
आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

संख्या : 43 / ASCL/2024–25 दिनांक 16/04/24

**विषयः सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

महोदया,

उपरोक्त विषयक स्वकीय पत्रांक 1988/12–1 दिनांक 02.04.2024 एवं पत्रांक 2006/12–1 दिनांक 09.04.2024 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अनुरोध किया गया है कि निम्नलिखित बिन्दुओं के सापेक्ष वांछित सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें–

**(क)** मा0 न्यायालयों के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं आपके विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ट अभिमत–

**(ख)** उक्त के आलोक में सूर सरोवर पक्षी विहर के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करते हुए सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में अभिमत--

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि–

**(क)** आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा ताजगंज के 2250 एकड़ क्षेत्र (ए0बी0डी0 एरिया), जिसका मैप एतद् पत्र के साथ संलग्न है, में विभिन्न कार्य कराया गया है। प्रश्नगत क्षेत्र सूर सरोवर पक्षी विहार आगरा स्मार्ट सिटी लि0 की ए0बी0डी0 एरिया से बाहर है।

**(ख)** चूंकि आगरा स्मार्ट सिटी लि0 द्वारा कराये गये कार्य इको सेंन्सिटिव जोन के 10 कि0मी0 बढाये जाने पर भी प्रभावित नही होगें। अतः 10 कि0मी0 तक इको सेंन्सिटिव जोन बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड,
आगरा।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ।

1. जिलाधिकारी महोदय, जनपद आगरा।
2. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड।
3. महाप्रबन्धक (प्रोजेक्ट), आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड, आगरा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड,
आगरा।

Email

प्रेषक,

सहायक निदेशक मत्स्य,
आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

पत्रांकः 28 / विविध / 2023–24

दिनांकः 12/04/2024

विषयः सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक 1988 / 12–1 आगरा दिनांक 02.04.2024 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार, कीठम आगरा के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से सम्बन्धित निरीक्षण एवं कार्यालय अभिलेखों के अनुसार 1.00 किमी0 तक विभागीय योजना संचालित नही है और ना ही योजना प्रभावित है, सूचना सादर प्रेषित है।

भवदीय

(प्रशान्त गंगवार)
सहायक निदेशक मत्स्य
आगरा।

उत्तर प्रदेश सरकार

लोक निर्माण विभाग

कार्यालय–अधिशासी अभियन्ता
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, आगरा- 282001
PROVINCIAL DIVISION, P.W.D. AGRA-282001
email- pwd121pd@gmail.com
pwdhelpline@gmail.com

पत्रांक [illegible] / 1सी

दिनांक 12 / 04 / 2024

सेवा में

उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

विषय: सूर सरोवर पक्षी विहार के [illegible] के उपरान्त ईको सेंसिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से सड़क योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ: आपका कार्यालय पत्रांक–2006 / 12-1 दिनांक 09.04.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के सम्बन्ध में आप द्वारा चाही गई आख्या निम्नवत है–

| क्रमांक | बिन्दु | आख्या |
|---|---|---|
| क | मा0 न्यायालयों के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेंसिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं आपके विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ट अभिमत। | ईको सेंसिटिव जोन के विस्तार से [illegible] कार्य के अभिमत वर्तमान में लोक निर्माण विभाग का एक कार्य [illegible] मार्ग का नवीनीकरण कार्य स्वीकृत है जो कि [illegible] है। साथ ही अवगत कराना है कि वर्तमान में मार्ग का कार्य प्रगति में है। यह मार्ग सूर सरोवर को जाने वाला मुख्य मार्ग है। मार्ग के नवीनीकरण हो जाने के पश्चात सूर सरोवर में आने वाले पर्यटकों को काफी सुविधा होगी तथा यातायात भी सुगम होगा, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। |
| ख | उक्त के आलोक में सूर सरोवर पक्षी विहार के जैव विविधता के संरक्ष एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करते हुए सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में आपका अभिमत। | लोक निर्माण विभाग मार्गों के रख–रखाव व मार्गों का चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का कार्य करता है। वर्तमान में शून्य से [illegible] कि0मी0 के बीच में सूर सरोवर के लिये जाने वाले मार्गों का चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण किया जा सकता है जिससे सरोवर में आने जाने वाले पर्यटकों को काफी सुविधा होगी, पर्यटन व व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। सूर सरोवर की परिधि के अन्दर आप द्वारा प्रस्तावित किये जाने वाले मार्गों का स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु उच्चाधिकारियों को भेजा जा सकता है। जिस पर स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त कार्य कराया जायेगा। |

[illegible] 04 24

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, आगरा

पत्रांक /

दिनांक– / / 2024

प्रतिलिपि:–

1 जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2 सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, प्रा0ख0 लो0नि0वि0, आगरा को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, आगरा

E-mail-roagra@uppcb.in

# क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,

भवन सं0 14, सेक्टर 3बी, आवास विकास सिकन्दरा योजना, आगरा।

पत्रांक –.....113...... /ओजी–049 / 2024 दिनांक–...12..... / 04 / 2024

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

**विषयः– सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0, आगरा के पत्रांक 1988 / 12–1 दिनांक 02.04.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से आप द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर सूचनायें चाही गयी हैं। बिन्दु संख्या (क) के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने से राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कोई परियोजना प्रभावित नहीं है। बिन्दु संख्या (ख) के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन का न्यूनतम निर्धारण किया जाना उचित होगा, यदि ईको सेन्सिटिव जोन का निर्धारण 01कि0मी0 से अधिक किया जाता है तो जनपद आगरा के औद्योगिक क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

(डॉ0 विश्वनाथ शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. मुख्य पर्यावरण अधिकारी (वृत्त–4), उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ को सूचनार्थ सादर प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 12/4/24

क्षेत्रीय अधिकारी

dc

# कार्यालय उपजिलाधिकारी किरावली आगरा

पत्रांक 519 /र0का0 /2024 दिनांक: 11 अप्रैल, 2024

विषय:- **सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थिकरण के उपरांत ईको सेंसिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओ/विकास परियोजनाओ पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध मे ।**

---

**उप वन संरक्षक,**
**राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,**
**उ0 प्र0,आगरा ।**

महोदय,

उपरोक्त विषय से सम्बन्धित अपने पत्रांक 1988 / 12 - 1 दिनांक 02.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके अंतर्गत सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थिकरण के उपरांत ईको सेंसिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओ/विकास परियोजनाओ पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध मे नियत विन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।

उक्त के सम्बन्ध मे 1 से 10 किमी तक की रेंज मे आने वाले क्षेत्र के लेखपालो से जाँच कराकर सूचना प्राप्त की गई । वांछित सूचना व विभागीय मत निम्नवत है-

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | 1 किमी के अंतर्गत स्थित विकास परियोजनाओ का नाम (स्कूल , कालेज, विश्व विद्यालय, फैक्ट्री , आवासीय योजना अथवा अन्य कोई वडी परियोजना) | 10 किमी के अंतर्गत स्थित विकास परियोजनाओ का नाम (स्कूल , कालेज, विश्व विद्यालय, फैक्ट्री , आवासीय योजना अथवा अन्य कोई वडी परियोजना) | ईको सेंसिटिव जोन घोषित होने पर विकास परियोजनाओ पर पडने वाले प्रभाव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रुनकता | शारदा यूनिवर्सिटी, आनन्द इंजीनियरिंग कालेज, हैंडपम्प, | कालम संख्या 1 के अतिरिक्त एक दर्जन से | उक्त के सम्बन्ध मे अवगत कराना है कि |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्लास्टिक पाइप व विवरेज की फैक्टरी, 2 हेक्टेयर मे स्थित डालफिन वाटर पार्क, कमला रावत व शिव देवी हॉस्पीटल, होटल विराज पैलेस, होटल श्रीनाथ, जैन इंडस्ट्रीज, बंसल स्टोन एण्ड स्टील, राजस्थान चर्मकला केन्द्र, अवनी इंडस्टीज, सी.एन.जी. सिलेंडर टेस्टिंग, इण्टर कालेज, राष्टीय राज्य मार्ग व रेलवे लाइन, पेट्रोल पम्प | अधिक जूता की फैक्टरी, आस्था सिटी जैसी आवासीय परियोजनाये, पेट्रोल पम्प, बालाजी वेवरेज, कोल्ड स्टोर, आईस फेक्टरी, मोनो फ्लामेंटस, इण्टर कालेज/विभिन्न टेक्निकल/मेनेजमेंट कालेज | 10 किमी की त्रिज्या मे ईको सेंसिटिव जोन वनाये जाने पर विभिन्न प्रकार की आवासीय एवं व्यवसायिक गतिविधियो के नियंत्रित होने की सम्भावना है। |
| 2 | सींगना | 10 हेक्टेयर मे प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र का साउथ एशिया रिजनल सेंटर, आगरा ट्रेड सेंटर(जूता फेक्टरी) व दिल्ली- आगरा राष्टीय राजमार्ग | गैस गोदाम, सेफ्टी ग्लास फेक्टरी, वर्धमान रिसोर्ट, विद्यालय व आवासीय कालोनिया | |
| 3 | अकबरा | - | कृष्णा कालोनी, आस्था सिटी आवासीय योजना , सिल्वर ग्रीन आवासीय योजना, ग्रीनवैली कांवेंट स्कूल, जीवन कंस्ट्रेक्शन कम्पनी (गिटटी प्लांट), श्री प्रताप सिंह इण्टर कालेज, मनीराम आई.टी.आई., राष्टीय राजमार्ग, श्रीमती द्रोपती देवी वाल विद्या मन्दिर, श्री पूरन प्रसाद डिग्री कालेज, गणेशीलाल डिग्री कालेज, वी.एस. विवरिज प्लांट, पेंट फेक्टरी अन्य आवासीय योजनाये, 10 वीघा मे वेयर हाउस प्रस्तावित तथा फेक्टरी हेतु प्राइवेट कम्पनीयो ने भूमि खरीद ली है | |
| 4 | मांगरौल गूजर | - | श्री ओम श्याम इण्टर कालेज, सी.एन.जी. सिलेंडर टेस्टिग सेंटर | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | सांधन | - | नवाव सिंह किसान सेवा केन्द्र | |
| 6 | खेडा सांधन | - | पंडित दीनदयाल राजकीय इण्टर कालेज, राजपूताना आदर्श हायर सेकैंडरी स्कूल | |
| 7 | नगला अरूआ | - | पीताम्बरा शीतगृह भरतपुर रोड, जमुना प्रसाद कोल्ड स्टोर भरतपुर रोड, हरप्रसाद अग्रवाल उ0 मा0 वि0 | |
| 8 | मुरैंडा | - | गैस गोदाम वना है, किंतु बन्द है, प्राइवेट स्कूल | |
| 9 | लोहकरेरा | - | पब्लिक स्कूल , इण्टर कालेज, पेट्रोल पम्प, कोल्ड स्टोर, गैस गोदाम, आवासीय कालोनी, ब्रुश फेक्टरी, पाइप फेक्टरी संचालित है। | |
| 10 | खडवाई | - | सोस फेक्टरी, जूता फेक्टरी, दोना व कप प्लेट फेक्टरी वैग वनाने की फेक्टरी, स्कूल, आवासीय कालोनी | |
| 11 | कुकथला | - | इण्टर कालेज, जे.सी.सी. फेक्टरी, शिक्षण/प्रशिक्षण संस्थान, रेलवे लाइन परियोजना,बिधुत सवस्टेशन व आवासीय योजना | |
| 12 | नागर | - | रेलवे लाइन परियोजना, आवासीय योजना | |
| 13 | कीठम | | पेट्रोल पम्प, सीनियर सेकेंडरी/उ0 मा0 स्कूल, कोल्ड स्टोर, पापड फेक्टरी, मेरिज होम, राष्टीय राजमार्ग दक्षिणी वाईपास | |
| 14 | जनूथा | - | इण्टर कालेज - 2 | |
| 15 | मई | - | इण्टर कालेज, मेरिज होम | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16. | अछनेरा | - | इण्टर कांलेज-7, आई.टी.आई, कोल्ड स्टोर, पेट्रोल पम्प - 3, बिधुत सवस्टेशन, मण्डी समिति, आगरा - भरतपुर मार्ग | |
| 17 | कचौरा | - | हायर सेकेंडरी/इण्टर कालेज, मेरिज होम, पेट्रोल पम्प | |
| 18 | रायभा | - | कोल्ड स्टोर/आईस फेक्टरी, पटाका गोदाम, डिग्री कालेज, आई.टी.आई कालेज, रेलवे लाइन, मेरिज होम, जूस फेक्टरी, ओवरसीज ट्रेडर्स स्टोन फेक्टरी, दक्षिणी वाईपास, आवासीय कालोनी | |
| 18 | चौमा फ़रह | बी.एम.एस. इंजीनियरिग कालेज, दिल्ली- आगरा राष्टीय राजमार्ग | | |
| 19 | भिलावटी | - | कोल्ड स्टोरेज, आई.टी.आई., रेलवे परियोजना | |
| 20 | रैपुरा अहीर | - | उ0 मा0 विद्यालय | |
| 21 | कठवारी | - | वी.एम. डिग्री कालेज | |
| 22 | मंगूर्रा | - | महाराणा प्रताप कालेज ऑफ एजूकेशन, दक्षिणी वाईपास, स्टोनमेन प्रा0लि0 मार्वल फैक्टरी, पेट्रोल पम्प, इण्टर कालेज | |

उपरोक्तानुसार वांछित सूचना सादर प्रेषित है ।

11/5/24

**उपजिलाधिकारी,**
**किरावली,आगरा**

प्रतिलिपिः- अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, आगरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

**उपजिलाधिकारी,**
**किरावली,आगरा**

प्रेषक,

उप निदेशक उद्यान,
आगरा मण्डल, आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल,सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

पत्रांक :-अ0लि0 /उद्यान/सींगना/2024-25/दिनांक : आगरा : 10 अप्रैल, 2024

विषयः- सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर, योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 1988/12-1/दिनांक आगरा 02.04.2024 एवं पत्रांक 2036/12-1/दिनांक आगरा 09.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा (क) मा0 न्यायालयों के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं उद्यान विभाग की परियोजना (ख) उक्त के आलोक में सूर सरोवर पक्षी विहार के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करते हुए सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में कार्यालय उप निदेशक उद्यान, आगरा का अभिमत जानने के सम्बन्ध में है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि कार्यालय उप निदेशक उद्यान, आगरा के अधीन राजकीय उद्यान प्रक्षेत्र आलू फार्म सींगना, आगरा में स्थित उद्यान विभाग के नाम दर्ज खाता संख्या-00272 में उपलब्ध भूमि क्षेत्रफल 138.50 हेक्टेयर भूमि है जो सूरसरोवर पक्षी विहार में सूरदास वन के समीप स्थित है, के उपजाऊ भाग में 25 हैक्टेयर क्षेत्रफल भूमि पर आलू बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया जाता है तथा चिन्हित 10 हैक्टेयर भूमि को अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र पेरू का साउथ एशिया रीजनल सेन्टर स्थापित किये जाने हेतु 99 वर्ष के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, को लीज (पट्टे) पर निःशुल्क दी गयी है, जिसे दिनांक 30.01.2024 को तहसीलदार, किरावली, आगरा के मध्यम से राजस्व अभिलेखों/खतौनी में दर्ज करा दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र, आगरा पर वैज्ञानिकों के लिए सूरसरोवर पक्षी विहार से आने जाने हेतु शासन द्वारा दी गई शर्तों के अनुसार प्रयोग में लाया जायेगा।

उक्त के क्रम में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना नई दिल्ली 10.10.2019 के पृष्ठ संख्या-6 में अंकित सारणी में तीन भाग में (क) प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप (ख)विनियमित क्रियाकलाप (ग) संवर्धित क्रियाकलाप के द्वारा ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार हेतु दी गयी शर्तों के नियमानुसार किया जायेगा। सूचना आपकी सेवा सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक :- उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(धर्म पाल यादव)
उप निदेशक उद्यान,
आगरा मण्डल, आगरा।

पृष्ठांकन सं0- 129-32 /दिनांकित।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त महोदया, आगरा मण्डल, आगरा।
2. जिलाधिकारी महोदय, आगरा।
3. निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

उप निदेशक उद्यान,
आगरा मण्डल, आगरा।

 ई-मेल द्वारा

**कार्यालय : उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, आगरा**

पत्रांक......181.../जि0उ0एवंउ0प्रो0के0(आ0)/पर्यावरण/2023--24 दिनांकः 10-4-24

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैक्चुरी प्रोजेक्ट
**आगरा**

**विषय :–सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुर्ननिर्धारण से नगर योजनाओं पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

कृपया कार्यालय के पत्रांक 2006/12–1 दिनांक 09.04.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें सरोवर पक्षी विहार के सम्बन्ध में विभागीय योजनाओं पर पडने वाले प्रभाव का आलेख मांगा गया था।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निधारण से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग द्वारा संचालित औद्योगिक विकास एवं स्वरोजगार हेतु योजनाये ( प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम , मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना) के अन्तर्गत स्थापित होने वाली इकाईयों की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पडेगा।

उपायुक्त उद्योग
जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द
आगरा

पत्रांक– 2133 /सूर सरोवर पक्षी विहार/2024

प्रेषक

**क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी**
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

सेवा में,

**उप वन संरक्षक**
राष्ट्रीय चम्बल सेंक्चुरी प्रोजेक्ट
आगरा।

दिनांक– 09 -अप्रैल, 2024

विषयः–**सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्रांक–1988/12–1, दिनांक–02.04.2024 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बदलने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सेंसिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने से विभागीय परियोजना पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय मे आख्या चाही गई है।

उक्त सन्दर्भ मे अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार, आगरा के अत्यन्त निकट स्थित ईको टूरिज्म साईट है। यहाँ पर पर्यटकों एवं स्थानीय भ्रमणार्थियों का आवागमन बना रहता है। भविष्य में यहाँ आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ सकती है। शासन द्वारा प्रदेश में स्थित ईको टूरिज्म साईट के निकट पर्यटकों की सुविधाओं हेतु रिजॉर्ट आदि खोलने पर बल दिया जा रहा है।

अतः इस कार्यालय का अभिमत है कि सूर सरोवर की बाउण्ड्रीवाल से पूर्व निर्धारित 1 कि0 मी0 की परिधि को ही सेंसिटिव जोन बनाये रखने पर विचार किया जाय, जिससे पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सके।

भवदीया

(दीप्ति वत्स)
क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1– महानिदेशक पर्यटन उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2– आयुक्त आगरा मण्डल, आगरा।
3– जिलाधिकारी, आगरा।

क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

पत्रांक–2133 /सूर सरोवर पक्षी विहार/2024

प्रेषक

क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चम्बल सेंक्चुरी प्रोजेक्ट
आगरा।

दिनांक–09 अप्रैल, 2024

विषयः–सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्रांक–1988/12–1, दिनांक–02.04.2024 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बदलने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सेंसिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने से विभागीय परियोजना पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय मे आख्या चाही गई है।

उक्त सन्दर्भ मे अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार, आगरा के अत्यन्त निकट स्थित ईको टूरिज्म साईट है। यहाँ पर पर्यटकों एवं स्थानीय भ्रमणार्थियों का आवागमन बना रहता है। भविष्य में यहाँ आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ सकती है। शासन द्वारा प्रदेश में स्थित ईको टूरिज्म साईट के निकट पर्यटकों की सुविधाओं हेतु रिजॉर्ट आदि खोलने पर बल दिया जा रहा है।

अतः इस कार्यालय का अभिमत है कि सूर सरोवर की बाउण्ड्रीवाल से पूर्व निर्धारित 1 कि0 मी0 की परिधि को ही सेंसिटिव जोन बनाये रखने पर विचार किया जाय, जिससे पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सके।

भवदीया

(दीप्ति वत्स)
क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महानिदेशक पर्यटन उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2– आयुक्त आगरा मण्डल, आगरा।
3– जिलाधिकारी, आगरा।

क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लोअर खण्ड आगरा नहर
आगरा

मेल आई०डी०-
eeldacagra@gmail.com

पत्रांक:- 1247 /लोअर/कीठम  दिनांकः—06 .04.2024

विषयः-सूर सरोवर पक्षी बिहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुर्ननिर्धाण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः-आपका पत्रांक—1988/12-1, दिनांक—आगरा, अप्रैल 02, 2024।

उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट, उ०प्र०, आगरा।

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में इस खण्ड के सहायक अभियन्ता—प्रथम की आख्यानुसार अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी बिहार की प्रस्तावित सीमा सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव ज़ोन के पुर्ननिर्धाण से सिंचाई विभाग की योजनाओं पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

06.4.24

अधिशासी अभियन्ता
लोअर खण्ड आगरा नहर
आगरा

पत्रांक:- /लोअर/कीठम/दिनांक:- .04.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—

1. अधीक्षण अभियन्ता—तृतीय मण्डल सिंचाई विभाग, आगरा।
2. सहायक अभियन्ता—प्रथम, लोअर खण्ड आगरा नहर, आगरा को उनके पत्रांक—398/स0अ0प्र0/कीठम, दिनांक—05.04.2024 के क्रम में।

अधिशासी अभियन्ता
लोअर खण्ड आगरा नहर
आगरा

Puneet D/M

प्रेषक,

ज्येष्ठ खान अधिकारी
आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0 आगरा।

पत्रांक 31 /खनिज सहायक/2024–25 दिनांक 05/04/2024

विषय– सर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरानत ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्रांक 1988/12–1 आगरा, दिनांक 02.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक 30.03.2024 को जिलाधिकारी, आगरा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ हुई बैठक में सुर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढने व उसके परिणाम स्वरूप ईको सेन्सटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन को दृष्टिगत विभिन्न विभागों से उनकी योजनाओं पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अभिमत परिचर्चा एवं अभिमत भी मांगा गया। उक्त बैठक में जिलाधिकारी महोदय, आगरा द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में निम्नलिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में सूचनायें प्रेषित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

(क)– मा0 न्यायालयों के आदेशों के कम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं आपके विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ट अभिमत।

(ख)– उक्त के आलोक में सूर सरोवर पक्षी विहार के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करते हुए सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में अभिमत।

उक्त के अनुपालन में उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित सूचना निम्नवत् है–

(क)– सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने से जनपद आगरा तहसील सदर के ग्रम बाईपुर एहतमाली में संचालित साधारण बालू के खनन पट्टा एवं ग्राम स्वामी एहतमाली में प्रस्तावित साधारण बालू के खनन पट्टा बन्द हो जायेगी जिससे करोडों रूपये की राजस्व में क्षति होगी।

(ख)– सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन शून्य से 05 कि0मी0 तक रखने से जनपद में संचालित एवं प्रस्तावित खनन पट्टा प्रभावित नही होंगे।

अतः उक्त सूचना से अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय
07/04/2024
ज्येष्ठ खान अधिकारी
आगरा।

पत्रांक एवं समदिनांक।

---

प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

ज्येष्ठ खान अधिकारी
आगरा।

# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा

पत्रांक :– 06/डी0/पी0ए0/ए0एन0ए0–कैम्प/2024 दिनांक :– 02 मार्च, 2024

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
आगरा–उ0प्र0

विषय :– सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निधारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक स्वकीय पत्र सं0 1813/12–1 दिनांक 02 मार्च, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र मा0 सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा आई0ए0 संख्या 196157, 195158 व 196159 में पारित आदेश दिनांक 25.11.2021 व मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित ओ0ए0 संख्या 529/2023 डा0 शरद गुप्ता बनाम् यूनियन ऑन इंडिया व अन्य के अन्तर्गत दिनांक 21.11.2023 को पारित आदेशों के अनुपालन में सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण की कार्यवाही से विभाग की किसी योजना पर विपरीत प्रभाव पड़ने के दृष्टिगत, इस सम्बन्ध में सूक्ष्म आलेख आपके कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में पर्यावरण अभियन्ता को जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। पर्यावरण अभियन्ता से प्राप्त आख्या अनुसार अवगत कराना है कि सूरसरोवर पक्षी विहार आगरा नगर की सीमा से बाहर लगभग 10कि0मी0 की दूरी पर रूनकता ग्राम के निकट अवस्थित है। सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण की कार्यवाही से नगर निगम की किसी योजना पर विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना नही है।

अतः आख्या अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, आगरा

प्रतिलिपि :–

1. जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सादर अवलोकनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय को सादर अवलोकनार्थ।

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, आगरा

# कार्यालय नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा

पत्रांक :– 06/डी0/पी0ए0/ए0एन0ए0–कैम्प/2024 दिनांक :– 02 मार्च, 2024

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
आगरा–उ0प्र0

---

**विषय :–** **सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निधारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक स्वकीय पत्र सं0 1813/12–1 दिनांक 02 मार्च, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र मा0 सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा आई0ए0 संख्या 196157, 195158 व 196159 में पारित आदेश दिनांक 25.11.2021 व मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित ओ0ए0 संख्या 529/2023 डा0 शरद गुप्ता बनाम् यूनियन ऑन इंडिया व अन्य के अन्तर्गत दिनांक 21.11.2023 को पारित आदेशों के अनुपालन में सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण की कार्यवाही से विभाग की किसी योजना पर विपरीत प्रभाव पड़ने के दृष्टिगत, इस सम्बन्ध में सूक्ष्म आलेख आपके कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में पर्यावरण अभियन्ता को जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। पर्यावरण अभियन्ता से प्राप्त आख्या अनुसार अवगत कराना है कि सूरसरोवर पक्षी विहार आगरा नगर की सीमा से बाहर लगभग 10कि0मी0 की दूरी पर रूनकता ग्राम के निकट अवस्थित है। सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण की कार्यवाही से नगर निगम की किसी योजना पर विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना नही है।

अतः आख्या अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, आगरा

प्रतिलिपि :–
1. जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सादर अवलोकनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय को सादर अवलोकनार्थ।

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, आगरा

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,मथुरा।

पत्रांक 5622 /29–5 मथुरा, दिनांक 17/5/2024.

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
आगरा, उ0प्र0।

विषय :– सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाग के संबंध में।

सन्दर्भः– आपके कार्यालय का पत्रांक 1989/12–1 दिनांक 02.04.2024.

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में आपके द्वारा सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाग के संबंध में आपके द्वारा जिलाधिकारी महोदय, मथुरा को संबोधित संदर्भित पत्र के माध्यम से उपरोक्त प्रकरण में जिला मथुरा से संबंधित कोई प्रकरण है, तो इस संबंध में अवगत कराने हेतु अपेक्षा की गई थी। तत्सम्बन्ध में संदर्भित ईको सेन्सिटिव जोन में बदलाव एवं पुनर्निर्धारण से पूर्व विकास के परियोजनाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने हेतु इस प्रकरण से प्रभावित होने वाले मथुरा जनपद के संबंधित राजकीय विभागों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक दिनांक 16.04.2024 को जिलाधिकारी महोदय, मथुरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निम्नलिखित सूचनायें उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था–

(क)– मा0 न्यायालयों के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटव जोन विस्तार में परिवर्तन होने पर उनके विभाग की प्रभावित होने वाली परियोजना के संबंध में विस्तृत एवं स्पष्ट टिप्पणी।

(ख)– उक्त के आलोक में सूर सरोवर पक्षी विहार के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभाग विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करते हुए सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के दूरी निर्धारण के संबंध में उनके विभाग का अभिमत।

तत्क्रम में संबंधित विभागों द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं पर आख्याऐं उपलब्ध करायी गयी है, जो संलग्नक 01 से 15 के रूप में संलग्न है। जिनमें संबंधित विभागों (खनन, विद्युत, मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकारण, उद्योग, जल निगम, परिवहन, बृज तीर्थ विकास परिषद, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंचायत राज विभाग एवं नगर निगम) द्वारा सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने पर उनके विभाग की विभिन्न क्रियान्वित/प्रस्तावित परियोजनाओं प्रभावित होने वाली परियोजनाओं एवं ईको सेन्सिटिव जोन की दूरी निर्धारण के संबंध में उनका विभागीय अभिमत दिया है।

समस्त संबंधित विभागों से प्राप्त सूचना(संलग्नक 01 से 15) के आधार पर अवगत कराना है कि "सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने पर मथुरा जनपद के संबंधित विभागों की विभिन्न क्रियान्वित/प्रस्तावित परियोजनाऐं प्रभावित होना सम्भावित है। अतः विकास कार्यों एवं राजस्व संग्रहण पर सम्भावित विपरीत प्रभाग के दृष्टिगत मथुरा जनपद के संबंधित विभागों द्वारा सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन की दूरी 01 किमी0 की सीमा तक सीमित रखने का अभिमत दिया गया है"।

तत्क्रम में उक्त अभिमत जिलाधिकारी महोदय, मथुरा के अनुमोदन के उपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित है।

संलग्नकः संलग्नक 01 से 15 उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा।

पत्रांक / दिनांकित ।
प्रतिलिपि जिलाधिकारी महोदय, मथुरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा।

T.C.
(हस्ताक्षर) 20/5/2024

Shruti/377

E-Mail- eecdmathura@gmail.com

253

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय),
## वाटर वर्क्स कम्पाउन्ड, कृष्णानगर–मथुरा

पत्रांक 355 / बैठक / 38 दिनांक 03/05/2024

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा।

विषयः सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त Eco-Sensitive Zone पुनर्निधारण से जनपद के नगरीय निकाय में निर्माणाधीन पेयजल/सीवरेज योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 16.04.2024 को जिलाधिकारी महोदय मथुरा की अध्यक्षता में आहूत बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि इस कार्यालय के अन्तर्गत फरह नगर पंचायत में "फरह टी0ए0सी0 पुनगर्ठन पेयजल योजना" निर्माणाधीन है तथा स्वच्छ भारत मिशन (एस0बी0एम0) कार्यक्रम के अन्तर्गत फरह नगर पंचायत क्षेत्र हेतु सीवरेज की योजना तैयार की जा रही है। सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण हेतु सम्भावित Eco-Sensitive Zone के 10 कि0मी0 Radius में Eco-Sensitive Zone घोषित होने पर माइनिंग गतिविधियों पर रोक के कारण उपरोक्त योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उक्त के अतिरिक्त Eco-Sensitive Zone के 1 किमी0 Radius क्षेत्र में जनपद की पेयजल/सीवरेज योजना के निर्माण कार्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(आर0के0श्रीवास्तव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 एवं दिनांक : उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा को सादर सूचनार्थ प्रेशित।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा को सादर सूचनार्थ प्रेशित।

अधिशासी अभियन्ता

# उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, मथुरा

8579
29-5
21/5/24

उपायुक्त उद्योग
जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र
मथुरा ।

सेवा मे,

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी
मथुरा ।

पत्रांकः 89-90 / जिउप्रोउविके / मथुरा / सूसबसैं / पत्राचार / 2024–25 दिनांक :- 27-4-2024

**विषय– सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सैंसेटिव जोन में परिवर्तन के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

कृपया उपयुक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्रांक 1988 / 12–1 आगरा, दिनांक 02.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक 30.03.2024 को जिलाधिकारी, आगरा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ हुई बैठक में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने व उसके परिणाम स्वरूप ईको सेनसिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के दृष्टिगत विभिन्न विभागों से उनकी परियोजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अभिमत परिचर्चा एवं अभिमत भी माँगा गया । उक्त बैठक में जिलाधिकारी महोदय आगरा द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में निम्नलिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में सूचनायें प्रेषित किये जाने का अनुरोध किया गया है ।

(क)– मा0 न्यायालयों के आदेशों के कम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं आपके विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ट अभिमत ।

(ख)– उक्त के आलोक में सूर सरोवर के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करते हुये सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव ज्रोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीचरखें जाने के सम्बन्ध में अभिमत ।

उक्त के अनुपालन में उपरोक्त बिन्दुओं पर वॉछित सूचना निम्नानुसार प्रस्तुत है :–

(क)– सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने से क्षेत्र यथा– बरारी, बाद, औद्यागिक क्षेत्र यूपीसीडा–साईट–बी आदि में काफी संख्या में पूर्व स्थापित लघु, मध्यम तथा वृहद औद्योगिक इकाइयों एवं कुटीर उद्योग इकाइयों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न होगा जिससे औद्योगिक वातावरण प्रभावित होगा जिसके परिणामस्वरूप जहॉ एक ओर राजस्व की भी क्षति होगी वहीं उद्यमों में कार्यरत व्यतियों के रोजगार का संकट उत्पन्न होगा ।

(ख)– सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन शून्य से 01 कि0मी0 के बीच रखे जाने से पूर्व से स्थापित इकाइयों पर कोई प्रभाव नही होगा तथा जनपद का औद्योगिक विकास भी प्रभावित नही होगा

Rh

उपायुक्त उद्योग
जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र
मथुरा

पत्रांक / जिउप्रोउविके / मथुरा / सूसबसैं / पत्राचार / 2024–25 दिनांक :–

प्रतिलिपि जिलाधिकारी महोदय, मथुरा को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

उपायुक्त उद्योग
जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र
मथुरा

# मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण
## राजकीय संग्रहालय, डैम्पीयर नगर, मथुरा

पत्र संख्याः– 190 /म0वृ0वि0प्रा0/2024–25 दिनांकः– 2/5/2024

प्रेषक,

सचिव,
मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण,
मथुरा।

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा।

**विषयः– दिनांक 16.04.2024 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव पर अभिमत मांगे जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने कार्यालय पत्रांक–5220/29–5 मथुरा, दिनांक 20.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक 16.04.2024 को जिलाधिकारी, मथुरा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ हुई बैठक में सुर–सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने व उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के दृष्टिगत विभिन्न विभागों से उनकी योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अभिमत मांगा गया। उक्त बैठक में जिलाधिकारी महोदय, मथुरा द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में सूचनायें प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया हैः–

(क) मा0 न्यायालयों के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप इको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं आपके विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ट टिप्पणी।

(ख) उक्त के आलोक में सूर सरोवर पक्षी विहार के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्वय स्थापित करते हुये सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध में टिप्पणी।

उक्त के अनुपालन में उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित सूचना निम्नवत् हैः–

(क) सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने से जनपद मथुरा में कार्यदायी संस्था मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा द्वारा संचालित योजना फरह ब्लॉक के अन्तर्गत जोधपुर झाल की वेटलैण्ड के संरक्षण एवं ईको पर्यटन विकास तथा मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत रहीमपुर फरह में आवासीय योजना विकसित करने का कार्य प्रभावित होगा।

(ख) सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन शून्य से 01 कि0मी0 तक रखने से जनपद मथुरा मे कार्यदायी संस्था मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा द्वारा संचालित परियोजना प्रभावित नहीं होगी।

अतः उक्त सूचना से अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय

02/05/24

(अरविन्द कुमार द्विवेदी)
सचिव

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा को सादर अवलोकनार्थ।
2. उपाध्यक्ष महोदय, मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा को सादर अवलोकनार्थ।

(अरविन्द कुमार द्विवेदी)
सचिव

प्रेषक,

जिला उद्यान अधिकारी
मथुरा।

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मथुरा।

पत्रांक 100 /उद्यान/सूर सरोवर/2024–25/दिनांक 06 ,मई–2024

**विषय :– सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन पुनर्निर्धारण के सम्बन्ध में विभागीय अभिमत प्रेषण विषयक।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने पर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। कृपया अवगत होना चाहें।

भवदीय

(मनोज कुमार)
जिला उद्यान अधिकारी
मथुरा

6/5/2024

# उत्तर प्रदेश सरकार
# 257 लोक निर्माण विभाग


अधिशासी अभियन्ता
Office of Executive Engineer
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मथुरा
Provincial Division, PWD, Mathura
E-mail : exerpwdmtr@gmail.com

जिलाधिकारी कार्यालय परिसर
Collectrate Compound,
सिविललाइन, मथुरा–281001
Civil Line, Mathura-281001
Phone No.- 0565-2471431


पत्रांक : 1578/ M-6 दिनांक : 01/05/24

8-5-26
29
2/5/24

सेवामें,
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी, वन प्रभाग,
मथुरा।

**विषयः** ईको सेन्सिटिव जोन पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के संबंध में।

**संदर्भः** आपका पत्रांक 5267/29–5 मथुरा दिनांक 24.04.2024

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार का क्षेत्र लोक निर्माण विभाग जनपद आगरा के अन्तर्गत है। सूर सरोवर पक्षी विहार के वर्तमान क्षेत्र एवं क्षेत्रफल बढने के दौरान इस कार्यालय से संबंधित कोई परियोजना प्रभावित नहीं हो रही है और न ही उक्त क्षेत्र में चौडीकरण/सुदृढीकरण से संबंधित कोई परियोजना वर्तमान में प्रस्तावित है।

अतः आख्या प्रेषित है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मथुरा।

पत्रांक दिनांक

1. प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी, मथुरा को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रतिलिपि अधीक्षण अभियन्ता, आगरा वृत्त, लो0नि0वि0, आगरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रतिलिपि श्री संदीप तौमर, सहायक अभियन्ता को उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या के क्रम में।
4. प्रतिलिपि श्री रवि कुमार शर्मा, वरि0 सहा0 को रिकार्ड हेतु।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मथुरा।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड (प्रथम),**
**दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**मथुरा।**

पत्रांक : 2152 / वि0वि0ख0(प्र0)म0 / शि0अ0 | दिनांक : 29 / 04 / 2024

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी,
वन प्रभाग, मथुरा।

विषयः ईको सेन्सिटिव जोन पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– 1. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा का पत्रांक 5220/29–5 दिनांक 20.04.2024 (दिनांक 16.04.2024 को आयोजित बैठक में दिये गये निर्देश) के क्रम में।
2. उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0 आगरा का पत्रांक 1989/12–1 दि0 02.04.2024.

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि "सूर सरोवर पक्षी विहार" के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के दृष्टिगत ऊर्जा विभाग की योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव निम्नवत् बिन्दुवार हैं:–

1. सूर सरोवर पक्षी विहार के एक किलोमीटर की परिधि में विद्युत विभाग की 2 नग 33 के.वी. कीठम 1 एवं 2 विद्युत लाइनें आती है जोकि मथुरा रिफाइनरी को वाटर सप्लाई हेतु पम्प हाउस को पोषित करती हैं। इसके अलावा अन्य कोई विद्युत नेटवर्क सूर सरोवर पक्षी विहार की परिधि में नही आता है।

2. यदि सूर सरोवर पक्षी विहार का विस्तार कर 1 किलोमीटर से 10 किलोमीटर परिधि में किया जायेगा तो विद्युत विभाग की बहुत लाइनें (दो नग उपकेन्द्रों के 5 नग 11 के.वी. फीडर) जो विभिन्न ग्रामों को विद्युत आपूर्ति करते हैं वो भी ईको सेन्सिटिव जोन के अन्तर्गत आ जायेगी जो भविष्य में भूमिगत करनी पड़ेगी।

अतः उक्त कारण के दृष्टिगत ईको सेन्सिटिव जोन को 10 किलोमीटर परिधि में न करके 1 किलोमीटर परिधि में रखा जाये जिससे ऊर्जा तंत्र प्रभावित न हो।

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है।

(गौरव कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक : ................ / वि0वि0ख0(प्र0)म0 / शि0अ0 | दिनांक : / 04 / 2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थः–

1. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा को सादर सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–प्र0, मथुरा।

(गौरव कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

10%

85-22
14-1
2/5/24

259

# कार्यालय जिलाधिकारी, मथुरा

(खनन अनुभाग)

पत्रांक 66 /खनिज/2024–2025 दिनांक 23 अप्रैल, :

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी, वन प्रभाग
मथुरा।

विषयः **<u>सूर सरोवर पक्षी बिहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से योजनाओं पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय जिलाधिकारी मथुरा के पत्र संख्या 5220/29–5 मथुरा दि 20.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सूर सरोवर पक्षी बिहार के सुव्यवस्थीकरण उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में आयो बैठक दिनांक 16.04.2024 में ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने पर विभाग की प्रभावित होने व परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ट टिप्पणी विभाग के अभिमत सहित उपलब्ध कराये जाने के निर्देश गये थे।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि पक्षी बिहार के वर्तमान ईको सेंसीटिवे जोन को बढाये जाने मिट्‌टी खनन पर व्यापक असर पडेगा। जनपद मथुरा में कई सड़को के निम्न परियोजना संचालित है:–

1. मथुरा–अलीगढ प्रोजेक्ट पैकेज–1B NH-530B (मथुरा बाईपास से गजू गांव तक) के निर्माण कार्य।
2. जनपद मथुरा में सिक्स लेन आगरा नोर्थन वाईपास कंनेक्टिंग एन0एच0–19 (ओल्ड एन0एच0– कि0मी0 174.500 से यमुना एक्सप्रेस–वें कि0मी0 141 के निर्माण कार्य।
3. मथुरा बाईपास NH-2 (NH-44) पर NH-530B के प्रारम्भिक बिन्दु पर एप्रोच व स्लिप रोड के साथ सि लेन फ्लाईओवर के निर्माण कार्य।
4. कीठम – भांडई बाईपास 03 लाइन रेलवे निर्माण कार्य।
5. जनपद मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा मार्ग के चारो ओर 10 मीटर चौडाई में सर्विस मार्ग निर्माण कार्य।
6. जनपद मथुरा में यमुना एक्सप्रेस–वे से वृन्दावन (पागल बाबा मन्दिर) तक 04 लेन के कार्य।

उक्त परियोजनाओं को वृहद पैमाने पर मिट्‌टी की आवश्यकता है एवं समस्त परियोजना वर्तमान संचालित है। ईको सेंसीटिवे जोन को बढाये जाने पर उक्त परियोजनाओ में मिट्‌टी के खनन से का कठिनाईयॉ उत्पन्न हो सकती है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या 1659/86–20: दिनांक 17.05.2023 के क्रम में जनपद के विद्यमान खनन क्षेत्रों तथा नये चिन्हित क्षेत्रों के डी.एस.आर. updation/modification का कार्य भी प्रचलित है। पक्षी बिहार के ईको सेंसीटिवे जोन के अधिसूचित क्षेत्रफ वढाये जाने पर उक्त दोनो कार्य प्रभावित होगे।

खान अधिकारी
मथुरा।

संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

खान अधिकारी
मथुरा।

# उत्तर प्रदेश पर्यटन कार्यालय
# ब्रज तीर्थ विकास परिषद,
# 474/1, सिविल लाईन, मथुरा।

पत्रांकः 110/विविध/सूर सरोवर/2024 दिनांकः:मई 7/, 2024

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी, वन प्रभाग,
मथुरा।

**विषयः— सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र सं0 5156/12—1 दिनांक 15.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, आगरा के पत्र संख्या 2466/ईको सेन्सिटिव/2024 दिनांक 03.05.2024 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उक्त सूचना कार्यालय के पत्र सं0 2133/सूर सरोवर पक्षी विहार/2024 दिनांक 09.04.2024 के माध्यम से उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सेंक्चुरी प्रोजेक्ट, आगरा को प्रेषित करा दी गयी है तथा प्रेषित की गयी सूचना इस पत्र के साथ संलग्न कर आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नकः:उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
(डी0के0 शर्मा)
पर्यटक अधिकारी
मथुरा।

पत्रांक–2466/ईको सेन्सिटिव/2024

प्रेषक

क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

सेवा में,

पर्यटक अधिकारी
मथुरा।

दिनांक– 03 ,मई, 2024

विषयः–सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निधारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–103/एन0 जी0 टी0/सूर सरोवर/2024, दिनांक–27.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बदलने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सैंसिटिव जोन के विस्तार होने से विभागीय परियोजना पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय में आख्या चाही गई है। उक्त क्रम में इस कार्यालय के पत्रांक–2133/सूर सरोवर पक्षी विहार/2024, दिनांक–09.04.2024 (छाया प्रति संलग्न) के द्वारा इस कार्यालय के मत से उप वन संरक्षण राष्ट्रीय चम्बल सेंक्चुरी प्रोजेक्ट, आगरा को पूर्व में अवगत कराया गया है। उक्त पत्र की छाया प्रति संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित की जा रही है।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीया

(दीप्ति वत्स)
क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

पत्रांक– 2133 /सूर सरोवर पक्षी विहार/2024

प्रेषक

**क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी**
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

सेवा में,

उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट
आगरा।

दिनांक– 09 –अप्रैल, 2024

**विषयः–सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्रांक–1988/12–1, दिनांक–02.04.2024 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बदलने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सेंसिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने से विभागीय परियोजना पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय मे आख्या चाही गई है।

उक्त सन्दर्भ मे अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार, आगरा के अत्यन्त निकट स्थित ईको टूरिज्म साईट है। यहाँ पर पर्यटकों एवं स्थानीय भ्रमणार्थियों का आवागमन बना रहता है। भविष्य में यहाँ आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ सकती है। शासन द्वारा प्रदेश में स्थित ईको टूरिज्म साईट के निकट पर्यटकों की सुविधाओं हेतु रिजॉर्ट आदि खोलने पर बल दिया जा रहा है।

अतः इस कार्यालय का अभिमत है कि सूर सरोवर की बाउण्ड्रीवाल से पूर्व निर्धारित 1 कि0 मी0 की परिधि को ही सेंसिटिव जोन बनाये रखने पर विचार किया जाय, जिससे पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सके।

भवदीया

9/4/24
(दीप्ति वत्स)
क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महानिदेशक पर्यटन उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2– आयुक्त आगरा मण्डल, आगरा।
3– जिलाधिकारी, आगरा।

9/4/24
क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी
आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल
आगरा।

प्रेषक,

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
मथुरा।

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी,
मथुरा।

पत्रांक—3048/सा0प्र0/2024—25 दिनांक 08.05.2024

**विषयः— सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेनसिटिव जोन में परिवर्तन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय के पत्र संख्या 1988/12—1 आगरा, दिनांक 02.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में दिनांक 30.03.2024, को जिलाधिकारी, आगरा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ हुई बैठक में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने व उसके परिणाम स्वरूप ईको सेनसिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के दृष्टिगत विभिन्न से उनकी परियोजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अभिमत परिचर्चा एवं अभिमत भी मांगा गया है उक्त बैठक में जिलाधिकारी महोदय आगरा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में निम्नलिखित बिन्दुओं के सम्बंध में सूचनायें प्रेषित किये जाने का निर्देश किया गया है।

उक्त के अनुपालन में उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित सूचना निम्नानुसार प्रस्तुत है:—

(क)— माननीय न्यायालय के आदेशों के क्रम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन होने एवं विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ठ अभिमत।

(ख)— उक्त के आलोक में सूर सरोवर के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं के समन्वय स्थापित करते हुए सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 कि0मी0 के बीच रखे जाने के सम्बंध में अभिमत।

बिन्दु—1. <u>यातायात व्यवस्था पर प्रभाव</u>— ट्रैफिक एवं भारी वाहनों के संचालन पर रात्रि प्रतिबंध की दशा में सम्पूर्ण जनपद की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। भारी वाहनों को आवागमन NH-2 एवं यमुना एक्सप्रेस—वे से ही होता है। भविष्य में बरेली तक भारी वाहनों के संचालन की व्यवस्था का कार्य NH-2 पर युद्धस्तर पर किया जा रहा है। जनपद, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एवं प्रदेश के अन्य समस्त जनपदों को सुगम यातायात प्रदान करता रहा है, जो जनपद की राजस्व एवं आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ है। सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त उपरोक्त समस्त मार्गों से आवागमन प्रतिबिंधित होने की सम्भावना है जिसके हेतु अभी कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है।

जनपद की अर्थव्यवस्था में आई0ओ0सी0एल0 की रिफाइनरी की महत्वपूर्ण भूमिका सदैव रही है और इस निमित्त जनपद में भारी कॉमर्शियल वाहनों की कुल संख्या—15541है जिसमें टैंकर—1741, गुड्स कैरियर—11751, बस—2049 सम्मलित हैं। इन सभी के संचालन हेतु उपरोक्त मार्ग ही सदैव से प्रयुक्त होते रहे हैं। इन मार्गों पर प्रतिबंध की दशा में जनपद की आर्थिक स्थिति एवं समीकरण राजस्व बुरी तरह से प्रभावित होगा।

बिन्दु—2. <u>राजस्व पर प्रभावः</u>— सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार किये जाने से जनपद में वर्तमान में उपलब्ध वाणिज्यिक वाहन विशेषकर भारी वाहनों की बिक्री पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पूर्व में टी0टी0जेड0 के प्रतिबंध के कारण राजस्व हानि हो रही है एवं ईको

सेन्सिटिव जोन के विस्तार से जनपद में कुल पंजीकृत लगभग 50,000 वाहनों का संचालन बाधित होगा जिससे जनपद का राजस्व प्रभावित होने की पूर्ण सम्भावना है। वर्तमान में जनपद में विगत वर्षों की कुल प्राप्तियाँ 178.75 करोड़ रही हैं। इसमें वाणिज्यिक वाहनों से प्राप्तियाँ 54.00 करोड़ रही हैं। रात्रि संचालन में प्रतिबंध की दशा में एक तरफ इन वाहनों के संचालन प्रभावित होंगे वहीं इन वाहनों से प्राप्त राजस्व पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा।

मथुरा जनपद एक धार्मिक पर्यटन नगरी है। इस जनपद में श्रद्धालु इन्ही मार्गों से बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आते हैं। इससे भारी वाहनों के संचालन पर पड़ने वाला विपरीत प्रभाव एक तरफ वर्तमान व्यवसाय को तो प्रभावित करेगा ही साथ ही राजस्व वृद्धि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण हेतु ईको सेन्सिटिव जोन का विस्तार न्यूनतम 1 किमी की परिधि में ही किया जाना परिवहन एवं ट्रेफिक व्यवस्था के अनुरूप रहेगा। आख्या महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

भवदीय,
08/03/24

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
(प्रशासन/प्रवर्तन) मथुरा।

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—
1. जिलाधिकरी महोदय, मथुरा।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी
(प्रशासन/प्रवर्तन) मथुरा।

# उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद,

474/1, सिविल लाइन्स, मथुरा ।

पत्रांक :– 186 /ब्र.ती.वि.प./2024–25 दिनांक 09 मई, 2024

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,
मथुरा।

D.M./COLLECTOR

विषयः ईको सेन्सिटिव जोन पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध मे।

संदर्भः 1. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा का पत्रांक 5220/29–5 दि0 20.04.2024 (दि0 16.04.2024 को आयोजित बैठक में दिये गये निर्देश) के कम में।
2. उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0 आगरा का पत्रांक 1989/12–1 दि0 02.04.2024 एवं प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, मथुरा का पत्र सं0 5267/29–5 दिनांक 24.04.24।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि **"सूर सरोवर पक्षी बिहार"** के क्षेत्रफल बढने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के दृष्टिगत उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद की योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव निम्नवत् विन्दुवार हैं:–

1. सूर सरोवर पक्षी विहार के 10 कि0मी0 परिधि में जोधपुर झाल की वेटलेन्ड का संरक्षण एवं ईको पर्यटन विकास कार्य और ग्राम परखम स्थित यक्ष कुण्ड के जीर्णोद्धार का कार्य कियान्वित है। ये दोनों कार्य मूल रूप से जल एवं मृदा संरक्षण की श्रेणी के कार्य हैं।
2. यदि सूर सरोवर पंक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन का विस्तार कर 0 कि0मी0 से 01 कि0मी0 परिधि में किया जायेगा तो उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यो पर कोई प्रभाव नहीं होगा अतः इको सेन्सिटिव जोन की दूरी/चौड़ाई 01 कि0मी0 रखा जाना उचित होगा।

भवदीय

(जे0पी0 पाण्डेय)
उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपिः
1. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0ब्र0ती0वि0प0 को सूचनार्थ।

09/05/24

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी

बेव साइट: www.uppcb.com
ई–मेल :- romathura@uppcb.in

# क्षेत्रीय कार्यालय, उ०प्र० प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड
# Regional Office, U.P. Pollution Control Board

भवन सं0–65 ए, बल्देव पुरी, महोली रोड, मथुरा

पत्रांक: 189/E-31/2024 दिनांक 10/05/2024

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा।

विषय: सूर सरोवर पक्षी विहार, आगरा (ईको सेंस्टिव जोन) के विस्तार के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित जिला पर्यावरण समिति की बैठक दिनांक–16.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का करें, जिसके द्वारा सूर सरोवर पक्षी विहार, आगरा (ईको सेंस्टिव जोन) के 01 कि0मी0 क्षेत्रफल बढाने एवं परिणाम स्वरूप ईको सेंस्टिव जोन के विस्तार के सम्बन्ध में विभाग का अभिमत दिये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है। तत्क्रम में अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार, आगरा (ईको सेंस्टिव जोन) के 01 कि0मी0 क्षेत्रफल बढाये जाने एवं उसके परिणामस्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में विभाग को कोई आपत्ति नहीं होगी।

सूचनार्थ सादर प्रेषित।

भवदीय

क्षेत्रीय अधिकारी

Office Letter Head. D

1- The temple of Banke Bihari ji in Vrinadavan is not private temple by an structure of imagination. The following points needs consideration in this account.

a. This Banke Bihari ji temple the land on the Banke bihari temple was constructed in 1860s. belongs to Govind due as per the present revenue records. Thus the Gosains or the sevayats are not the owner of the land on which the temple of this situation.

b. While no proof of ownership of the land anybody who claims to be private one. Has no ---- standee to do so.

----- thousands of people and on some days lakhs of them from all over the country and abroad visits the temple in a day. the visit of such great number of public devotees is a proof the shri banke bihari temple is a proof public place of worship and not a private temple as claimed by the Gosains or sevayat.

2- The following measure have been adopted by the admiration to ensure the safety and security of unmanageable devotees to the bihari ji temple on a day today basis.

3- The courtyard of banke bihari ji temple is approximately -------- feet in this courtyard not more than 5-6 hundred people can be accommodated any given time. The pressure of the devotees in daily cerate situation where by thousands of them get inside the courtyard and cerate the situation **stand pee -----.**

In Aug 22 on the day of jamansthmi to persons have lost the life in on such incident. There is a risk to the safety of life's of devotees almost every day because of the present of unmanageable presence of crowed inside the temple and near around in.

प्रेषक,

सहायक निदेशक मत्स्य

मथुरा

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग

मथुरा।

पत्रांक 25/विविध/2024-25 दिनांक 02 मई, 20[illegible]

**विषय :- ईको सेन्सटिव जोन पुनः निर्धारण से नगर योजनाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक 5267/29-5 मथुरा, दिनांक 24.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट क[illegible] जिसके कम में दिनांक 30.03.2024 जिलाधिकारी महोदय, मथुरा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के साथ हुई बैठक में सूर सरोवर पक्षी विह[illegible] के क्षेत्रफल बढ़ने व उसके परिणाम स्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के दृष्टिगत विभिन्न विभागों से उनकी परियोजना[illegible] पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में अभिमत परिचर्चा एवं अभिमत भी मांगा गया। उक्त बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्दे[illegible] के कम में निम्नलिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में सूचनायें प्रेषित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

1. मा0 न्यायालयों के आदेशों के कम में सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणाम स्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन विस्तार में परिवर्तन होने एवं आपके विभाग की परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत एवं स्पष्ट अभिमत।
2. उक्त के आलोक में सूर सरोवर के जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा विभागीय विकास की परियोजनाओं में समन्[illegible] स्थापित करते हुये सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 किमी0 के बीच रखे जाने के सम्बन्ध[illegible] अभिमत।

उक्त के अनुपालन में उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित सूचना निम्नलिखित प्रस्तुत है :-

1. सूर सरोवर पक्षी विहार के ईको सेन्सिटिव जोन शून्य से 01 किमी0 के बीच रखे जाने से पूर्व से स्थापित मछली पालन योजना पर कोई प्रभाव नहीं होगा।
2. सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के निर्धारण शून्य से 10 किमी0 के बीच रखे जाने मछली पालन की योजनाओं पर प्रभाव पड़ेगा।

भवदीय

(अतुल कुमार)
सहायक निदेशक मत्स्य
मथुरा

एक कदम स्वच्छता की ओर

एक कदम स्वच्छता की ओर

# कार्यालय : नगर निगम मथुरा–वृन्दावन, मथुरा

पत्रांकः 330/नि० लि० /न0नि0म0वृ0–मथुरा 2024–25 दिनांकः 07/05/2024

प्रेषक :–

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग, मथुरा।

विषयः– ईको सेन्सिटिव जोन पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

संदर्भः 1. जिलाधिकारी महोदय, मथुरा का पत्रांक 5220/29–5 दिनांक 20.04.2024 (दिनांक 16.04.2024 को आयोजित बैठक में दिये गये निर्देश) के क्रम में।
2. उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0 आगरा का पत्रांक 1989/12–1 दिनांक 02.04.2024.

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि "सूर सरोवर पक्षी विहार" के क्षेत्रफल बढ़ने एवं उसके परिणामस्वरुप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के दृष्टिगत नगर निगम की योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव बिन्दुवार निम्नवत् है:–

(क) नगर निगम मथुरा–वृन्दावन का गठन 2017 में हुआ है जिसमें 71 गॉव भी सम्मिलित किये गये हैं चूंकि नगर निगम में सम्मिलित किये गये गांवों में मूलभत सुविधा यथा पेयजल, सीवर लाइन, जलनिकासी हेतु नाला एवं सड़कों का निर्माण आदि कार्यो को कराया जाना आवश्यक है। सड़क कार्य कराये जाने हेतु मिट्टी की आवश्यकता पडती है जिसके लिये ग्रामीण क्षेत्र में स्थित भूमि से अनुमति पश्चात भू स्वामी द्वारा मिट्टी उपलब्ध करायी जाती है जिससे सड़क भराव करने के उपरान्त सड़क निर्माण कार्य कराया जाता है यदि सूर सरोवर की सीमा 1.00 किलोमीटर से 10 किलोमीटर परिधि में किया जायेगा तो नगर निगम सीमा में निर्माण कार्य कराये जाने में बाधा उत्पन्न होगी।

(ख) इस बिन्दु के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि यदि सूर सरोवर पक्षी बिहार के ईको सेन्सिटिव जोन की सीमा को विस्तारित किया जाने से सॉलिड बेस्ट का प्लान्ट एवं सड़क निर्माण हेतु प्रयोग की जाने वाली मिट्टी से भराव का कार्य प्रभावित होगा तथा सॉलिड बेस्ट का प्लान्ट स्थापित न होने के कारण कूड़ा का निस्तारण नही हो पायेगा जो नगर निगम के लिये एक बड़ी समस्या होगी।

भवदीय

07.05.2024

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।

प्रतिलिपिः– नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन।

274

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कायालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), कृष्णानगर, मथुरा
Email: eexilupjnmtr@gmail.com, Mob. 9473942634

पत्रांक ५१८ / जल जीवन मिशन / 15 दिनांक 22.4.24

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मथुरा।

D.F.O MTT

जिलाधिकारी
मथुरा

24 APR 20

विषयः सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त Eco-Sensitive Zone पुनर्निधारण से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 16.04.2024 को जिलाधिकारी महोदय मथुरा की अध्यक्षता में आहूत बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण हेतु सम्भावित Eco-Sensitive Zone के 10 कि0मी0 Radius क्षेत्र में कुल 19 नग अवर जलाशयों (नगला चन्द्रभान, भदाया, सलेमपुर फरह, विशू, करनपुर, मिर्जापुर नगला, बरौदा मशरकपुर, गोकुलपुर, कोह, शहजादपुर पौरी, पींगरी, पौरी, मदौर, अकोश बांगर, नगला गुखरौली, नेरा बांगर, नगला अकोस बांगर, सेहत बांगर एवं मदौरा) एवं उक्त से सम्बन्धित 42 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन बिछाया जाना प्रस्तावित है। Eco-Sensitive Zone घोषित होने पर माइनिंग गतिविधियों पर रोक के कारण उक्त निर्माण कार्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ेगा।

उक्त के अतिरिक्त Eco-Sensitive Zone के 1 किमी0 Radius क्षेत्र में जनपद की पेयजल योजना के निर्माण कार्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

20/04/24

JRF

भवदीय

( दिनेश कुमार )
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि :—
1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता

G:letter 2024-192

प्रेषक,

जिला पंचायत राज अधिकारी
मथुरा।

सेवा,

प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी
वन विभाग, मथुरा।

पत्रांक 252/पं0/सात/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/2024–25 दिनांक 04-5-24

विषयः– **ईको सेन्सिटिव जोन पुनः निर्धारण से ग्राम योजनाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपरोक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय मथुरा के कार्यालय पत्रांक 5220/29–5 दिनांक 20.04.2024 एवं ग्राम समिति बैठक दिनांक-16.04.2024 को दिये गये निर्देशों के क्रम में तथा उप वन रक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सेंचुरी, उ0प्र0 आगरा का पत्रांक 1989/12–1 दिनांक 02.04.2024 के द्वारा सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बनने एवं उनके परिणाम स्वरूप ईको सेन्सिटिव जोन के विस्तार में परिवर्तन के दृष्टिगत पंचायत राज विभाग की योजना पर पड़ने वाले प्रभाव निम्नवत बिन्दुवार है:–

1. सूरसरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से 45 ग्राम की योजानाओं पर प्रभाव पड़ेगा। जो निम्नवत् हैः–

| क्र0 स0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|---|
| 1 | बल्देव | घढी नहार, घडी बादाम, बरौली, कंजौली घाट, कंजौली घाट खादर, कनौरा बांगर, कनौरा खादर, मांदौर, सराई सालवाहन, सेहत बांगर, सेहत खादर, ततरौता बांगर, ततरौता खादर, जुगसना, नोहपाई बांगर, नोहपाई खादर, नेरा बांगर, नेरा खादर, नगला गुखरौली, गढी मंगली बरौली, लहरौली बांगर, लहरौली खादर, लाघढी |
| 2 | फरह | शहजादपुर गूजर, शहजादपुर पौरी, बबरौठ, बाकलपुर फरह, कोह, मुरशीदपुर खादर, मुरशीदपुर बांगर, मेघपुर, पिपरौठ मुरशीदपुर, भदाया, पींगपुर, पौंरी, रहीमपुर, रोसू, रैपुराजाट, सलेमपुर, चुरमुरा, फरह, जोधपुर, नगला मिर्जापुर, नगला हृदय नूरउल्लापुर, नगला चन्द्रभान |

प्रभावित होने वाली योजनाए:–

1) पंचायत घर का निर्माण।
2) खेल कूद मैदान।
3) पंचायत लाइब्रेरी सेन्टर का निर्माण।
4) जल जीवन मिशन द्वारा हर घर नल जल योजना अन्तर्गत टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन खुदाई।
5) अमृत सरोवर योजना अन्तर्गत सरोवरों का कायाकल्प।
6) विद्यालय निर्माण।
7) सामुदायिक शौचालय निर्माण।
8) ग्राम पंचायतों के शीशी रोड़ का निर्माण।
9) ग्राम पंचायतों में नालियों का निर्माण।
10) आर0आर0सी0 एवं वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण।

यदि सुव्यवस्थीकरण का पुनर्निर्धारण किया जाता है तो जनपद के उक्त 38 ग्रामों के विकास कार्यो के साथ–साथ उक्त ग्राम एक दूसरे के लिंक है का आवागमन एवं विकास कार्यो का संचालन बाधित होगा। जिससे ग्राम पंचायत में जल भराव, शिक्षा व्यवस्था,

D:\2024\may 2024\Anupalan akhya sursarovar letter_04052024.doc

आधारभूत संरचना प्रभावित होने की समस्या एवं शासन से प्राप्त योजनाओं का सम्पूर्ण क्रियान्वयन समुचित प्रकार से न हो पाने की प्रबल सम्भावना रहेगी जिस कारण ग्राम गरीबी मुक्त, उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ एवं आत्मनिर्भर बुनियादी ढाचे वाले गांव ,सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितैषी गांव बनाये जाने का लक्ष्य उचित समय पर प्राप्त किया जाना दुष्कर होगा।

2. यदि सूरसरोवर पक्षी विहार का विस्तार कर 01 कि0मी0 से 10 कि0मी0 किया जायेगा तो उक्त परिधि में स्थापित 45 गांव में चल रहे/होने वाले विकास कार्यो पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका से भी इन्कार नही किया जा सकता हैं।

उक्तानुसार सूचना महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

04/5/24

(किरन चौधरी)
**जिला पंचायत राज अधिकारी**
**मथुरा।**

पत्रांक— यथोपरि/दिनांक

प्रतिलिपिः— निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. उपनिदेशक (पंचायत) महोदय आगरा मण्डल आगरा।

जिला पंचायत राज अधिकारी
मथुरा।

D:\2024\may 2024\Anupalan akhya sursarovar letter_04052024.doc

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
आगरा।

सेवा में,

सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

विषयः— सूरसरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात समस्त विभागों की प्रभावित होने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में EIA (Environmental Impact Assessment)- 2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता की सूची तैयार करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः— 1— शासकीय पत्र (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग—4) संख्या—850/81—4—2024 दिनांक 05—06—2024
2— अनु सचिव, उ0प्र0 शासन की पत्र संख्या 850(1)/81—4—2024 दिनांक 18—06—2024

महोदय,

कृपया सादर अवगत कराना है कि सूरसरोवर पक्षी विहार कीठम आगरा की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के सम्बन्ध में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में दाखिल ओ0ए0 संख्या 529/2023 डा0 शरद गुप्ता बनाम भारत सरकार एवं अन्य में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा परित आदेश दिनांक 30—04—2024 एवं अन्य आदेशों के क्रम में विषयगत प्रकरण में विचार विमर्श कर अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु सचिव महोदय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में बापू भवन, छठा तल स्थित उनके कार्यालय कक्ष में दिनांक 21—05—2024 को सम्पन्न हुयी बैठक में निम्नलिखित निर्देश दिये गये—

1— क्षेत्रीय अधिकारी, उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, आगरा के माध्यम से सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमा सुव्यवस्थीकरण के पश्चात् अन्य विभागों की प्रभावित होने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में EIA (Environmental Impact Assessment)- 2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता की सूची तैयार की ली जाए।

2— उपरोक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, आगरा की अध्यक्षता में समस्त विभागों की बैठक आयोजित किया जाना।

उपरोक्त के सम्बन्ध में दिनांक 20—06—2024 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में समस्त विभागों के साथ बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, आगरा से सम्पर्क कर उनकी प्रभावित होने वाली योजनाओं के विस्तृत विवरण के साथ EIA (Environmental Impact Assessment)- 2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता के सम्बन्ध में सूची तैयार किये जाने हेतु समस्त विभागों को निर्देश दिये गये।

उक्त के सम्बन्ध में सूचनायें विभिन्न विभागों से प्राप्त की गयी। अतः विभिन्न विभागों से प्राप्त सूचनायें संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित है।

संलग्नकः— उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(भानु चन्द्र गोस्वामी)
जिलाधिकारी,
आगरा।

Scanned with Oken Scanner

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
परियोजना गलियारा इकाई–मथुरा (फरीदाबाद)
प्लॉट सं० 8, टोल प्लाजा भवन के समीप, मथुरा रोड, फरीदाबाद–121003
**National Highways Authority of India**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
Corridor Management Unit -Mathura (At Faridabad)
Plot No.8, Near Sarai Toll Plaza Building, Mathura Road Faridabad - 121003

सत्यमेव जयते

फोन / Phone: 0129-3501177
वेबसाइट/Website: www.nhai.gov.in
ईमेल Email. ...@nhai.org
cmumathura@gmail.com

भा रा रा प्रा NHAI

NHAI/CMU/MTR/6-laning/2024/D- 75803

Dated: 05.07.2024

To,

Deputy Conservator of Forest
National Chambal sanctuary Project
Agra, Uttar Pradesh

Sub:- Six laning of Delhi - Agra Section of NH-2 from Km. 20.500 to Km. 200.000 in the State of Haryana and Uttar Pradesh on DBFOT basis under NHDP Phase-V - Reg. Impact on Project due to Reassessment of Eco sensitive Zone of Soor Saroovar Bird sanctuary.

Ref: (i) Your office letter no 2049/12-1 Dated 16.04.2024
(ii) This office letter no. NHAI/CMU/MTR/6-laning/2024/D-74887 dt. 26.04.2024
(iii)Your office letter no. 2436/12-1 dated 21.06.2024
(iv) IE letter no. LNMIPPL/PD/NHAI/Delhi-agra/2024/1506 dt. 05.07.2024

Sir,

Please refer to your letter under reference (iii) vide which requested for comments regarding subject matter.

2. In this regard, IE of the project highway has submitted the following:-

Project of six laning of Delhi-Agra section of NH-2 (NH-19) from km. 20.500 to km. 200.000 passes through Faridabad, Palwal, Mathura, Agra District. In case of spread of Eco sensitive zone over a 1 km radius and up to 10 km radius, environmental clearance as per EC notification no. S.O. 1533(E) dt. 14.09.2006 will not be required, since the project is currently under operation & maintenance stage.

Further, in case of any future developments, necessary clearance will be taken in accordance with the EIA (Environmental Impact Assessment) 2006 rules.

3. This is for your information please.

Thanking You,

General Manager (T) &,
Project Director
CMU - Mathura

Copy to: DM, Agra for information please.

Copy also to:
(i) TL, M/s L.N. Malviya Infra Projects Pvt Ltd, Faridabad - for information please.
(ii) Authorized Signatory, M/s DATR Pvt Ltd. for information please.



Scanned with Oken Scanner

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
(परियोजना कार्यान्वयन इकाई, आगरा/Project Implementation Unit, (PIU) Agra)
ऑफिस : ए-208, कमला नगर, आगरा - 282 005
Office : A-208, Kamla Nagar, Agra - 282 005
फोन/Phone : 0562 - 2580274 फैक्स/Fax : 0562 - 2580275
ईमेल/Email : agra@nhai.org वेबसाइट/Website : http://www.nhai.gov.in

दिनांकः 05/07/24

23091/02/आगरा बाईपास(उ0)/2024/1620

सेवा में,

उप वन संरक्षक
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट
उत्तर प्रदेश, आगरा।

विषयः सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पडने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में ।

सन्दर्भः 1. आपके कार्यालय का पत्रांक 2436/12-1 दिनांक, आगरा 21.06.2024 ।
2. इस कार्यालय का पत्र 23091/02/आगरा बाईपास(उ0)/2024/1504 दि0 21.06.2024

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में क्षेत्रीय अधिकारी-उ0प्र0-पश्चिमी, भा0रा0रा0प्रा0, लखनऊ से दिनांक 25.06.2024 को वार्ता एवं आपके संदर्भित पत्र के कम में निम्नवत् अवगत कराना है :-

1. सूर सरोवर पक्षी विहार के अधिसूचित क्षेत्रफल 400 है0 के चारो ओर 01 किमी0 सीमा तक घोषित ईको सेन्सिटिव जोन में इस कार्यालय की कोई परियोजना प्रभावित नही है।
2. सूर सरोवर पक्षी विहार के 800 है0 क्षेत्रफल के चारो ओर 01 किमी0 सीमा तक ईको सेन्सिटिव जोन में इस कार्यालय की कोई परियोजना प्रभावित नही है।
3. सूर सरोवर पक्षी विहार के 800 है0 क्षेत्रफल के चारो ओर 10 किमी0 सीमा तक ईको सेन्सिटिव जोन में इस कार्यालय की 01 परियोजना "राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-02 (किमी0 174.500, रैपुरा जाट) से आरम्भ होकर यमुना एक्सप्रेसवे (किमी0 141.000) को जोडने वाले आगरा बाईपास (उत्तरी) का छःलेनीकरण" प्रभावित है । जिसका लगभग 72 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है । जिसके संबंध में संबंधित वनविभाग/टी0टी0जैड0/MoEF&CC से अनुमति प्राप्त की गयी है ।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि, इसके अतिरिक्त अन्य कोई योजना इस कार्यालय के अधीन प्रस्तावित नही है ।

धन्यवाद,

भवदीय,

(संजय वर्मा)
परियोजना निदेशक

प्रतिलिपिः जिलाधिकारी महोदय, आगरा - उपरोक्त के कम में सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रधान कार्यालय : प्लाट सं० जी-5 एवं 6, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली - 110 075, दूरभाष : 91-11-25074100/200
Corporate Office : Plot No. G-5 & 6, Sector-10, Dwarka, New Delhi - 110 075, Phone : 91-11-25074100/200

Scanned with Oken Scanner

प्रेषक,

जिला पंचायत राज अधिकारी, **280**
आगरा।

सेवा मे,

उप वन सरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0 आगरा।

दिनांक 05 जुलाई, 2024

पत्रॉक 1022 /पं0 जी0सी0/2024–25

विषयः– विकास खण्ड अछनेरा की 19 ग्राम पंचायतों में सूरसरोवर पंक्षी विहार कीठम के 10 कि0 मी0 की परिधि में संचालित विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों के सम्बन्ध में सूचना का प्रेषण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त पत्रसंख्या–1988/12–1 दिंनाक 02 जुलाई, 2024 जिलाधिकारी, महोदय आगरा के कार्यालय पत्रॉक 2477/12–1 दिंनाक 28 जून, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा विकास खण्ड के अन्तर्गत सूरसरोवर पक्षी विहार की 10 कि0 मी0 की परिधि की संचालित होने वाले उधोग की सूचना चाही गयी है।

उक्त के परिपालन में सहायक विकास अधिकारी (पं0) अछनेरा द्वारा कार्यालय पत्रॉक 193/पं0/सूरसरोवर/2024–25 दिंनाक 04–07–2024 के द्वारा ग्राम पंचायत सींगना में जूता उधोग से सम्बन्धित अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की कम्पनी है, ग्राम पंचायत रूनकता में डालफिन वाटर पार्क एवं छोटी औद्यौगिक इकाई प्लास्टिक पाइप बनाने की औद्यौगिक फैक्ट्री है एवं मंगूर्रा में स्टोन कास्ट कम्पनी है अन्य ग्राम पंचायतों में कृषि कार्य प्रमुखता से किया जाता है। रूनकता में लगभग 300 दुकानें एवं रायभा में लगभग 250 दुकानों में विभिन्न प्रकार की वस्तुए क्रय–विक्रय होता है। तथा पंचायत राज विभाग द्वारा विकास खण्ड अछनेरा की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में आर0आर0सी0 सेन्टर (रिसोर्स रिकवरी सेन्टर जहॉ पर सूखा एवं गीला कूड़ा का निस्तारण किया जाता है । 12 ग्राम पंचायतों में आर0आर0सी0 सेन्टर पूर्ण रूप एवं संचालित है, जिनमे कचड़े का उठान नियमित रूप से किया जा रहा है, शेष में निर्माण कार्य अगले वित्तीय वर्ष 2024 में प्रस्तावित है।

उपरोक्त विषयक प्रकरण के सम्बन्ध में सूर सरोवर परिक्षेत्र 10 कि0मी0 अन्तर्गत पड़ने वाले विकास खण्ड अछनेरा में कुल 35 ग्राम पंचायतें अवस्थित है। पंचायती राज विभाग आपको यह भी अवगत कराना चाहता है कि ई0आइ0ए0 अधिसूचना 2006 एवं इसके उपरान्त यह संशोधनों से आच्छादित नहीं है। गाइड–लाइन्स फॉर डिक्लेरेशन फॉर इको सेन्सिटिव जोन अराउण्ड नेशनल पार्क एण्ड वाइल्ड लाइफ सेन्चुरी 2011 में भी संचालित पंचायती राज विभाग, आगरा द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित कार्य अच्छादित नहीं है।

सूचना महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नक– सहायक विकास अधिकारी (पं0) विकास खण्ड अछनेरा की आख्या।

भवदीय

(मनीष कुमार)
जिला पंचायत राज अधिकारी
आगरा।

प्रतिलिपिः– 1–जिलाधिकारी महोदय, आगरा की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2–अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) आगरा की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिला पंचायत राज अधिकारी,
आगरा।

Scanned with Oken Scanner

प्रेषक,

सहायक विकास अधिकारी (पं0)
अछनेरा,आगरा

सेवा में

जिला पंचायत राज अधिकारी
आगरा

दिनॉक-04-07-2024

पत्रॉक: 193 /पं0/सूरसरोवर/2024-25

विषय- विकास खण्ड अछनेरा की 19 ग्राम पंचायतों में सूरसरोवर पंक्षी विहार कीठम के 10 कि0मी0 परिधि में संचालित विभिन्न व्यवसायिक गतिविधयों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय आगरा के कार्यालय पत्रॉक 2477/12-1 दिनॉक 28 जून 2024 के परिपालन में विभिन्न विभागों द्वारा सूरसरोवर पंक्षी विहार कीठम के 10 कि0मी0 परिधि में संचालित होने वाले विभिन्न गतिविधियों के सम्बन्ध में सूचना चाही गई है,उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत सीगना में जूता उद्योग से सम्बन्धि अन्तराष्ट्रीय स्तर की कम्पनी है और ग्राम पंचायत रूनकता में डालफिन वाटर पार्क एवं छोटी औधोगिक इकाई प्लास्टिक पाइप बनाने की औधौगिक फैक्टी है एवं मंगूर्रा में स्टोन काप्ट कम्पनी है अन्य ग्राम पंचायतों में कृषि कार्य प्रमुखता से किया जाता है। और रायभा रूनकता ग्राम पंचायतों में बाजारी करण जिसमें लगभग रूनकता में 300 दुकाने एवं रायभा में 250 दुकाने है जो विभिन्न प्रकार की बस्तुऐ बेची जाती है

| क0स0 | ग्राम पंचायत का नाम | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1 | रूनकता | डोलफिन बाटर पार्क,फैक्टी एंव अन्य औधोगिक इकाई स्थापित है |
| 2 | सीगना | जूता उद्योग अन्तराष्ट्रीय स्तर की कम्पनी, इत्यादि |
| 3 | अरसैना | कृषि कार्य |
| 4 | पनवारी | कृषि कार्य |
| 5 | लोहकरैरा | कृषि कार्य |
| 6 | खडवाई | कृषि कार्य |
| 7 | कुकथला | नर्सरी उद्योग एंव अन्य कृषि कार्य |
| 8 | नागर | कृषि कार्य |
| 9 | सहाई | लोहे से सम्बन्धि उद्योग एंव अन्य कृषि कार्य |
| 10 | सहता | गत्ता उद्योग एवं अन्य कृषि कार्य |
| 11 | कीठम | कीठम झील पर्यटन स्थल एवं अन्य कृषि कार्य |
| 12 | मंगूर्रा | स्टोन काप्ट कम्पनी है एवं अन्य कृषि कार्य |
| 13 | रैपुरा अहीर | कृषि कार्य |
| 14 | रायभा | मट्टी के गमले मटके एवं अन्य कृषि कार्य |
| 15 | जनूथा | कृषि कार्य |
| 16 | बबरौद | कृषि कार्य |
| 17 | अंगनपुरा | कृषि कार्य |
| 18 | क्योरा | कृषि कार्य |
| 19 | मई | कृषि कार्य |

सहायक विकास अधिकारी (पं0)
अछनेरा,आगरा

Scanned with Oken Scanner

# विकास खण्ड अछनेरा में आर0आर0सी0 सेन्टर की सूची वर्ष 2022-23,2023-24 प्रगति रिपोर्ट

| क्रमांक | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | वर्ष 2022-23 | पूर्ण/अपूर्ण | कचडे का उठान हो रहा है/नहीं अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अछनेरा | रायभा | वर्ष 2022-23 | पूर्ण | नही |
| 2 | अछनेरा | गोपऊ | वर्ष 2022-23 | पूर्ण | नही |
| 3 | अछनेरा | अरदाया | वर्ष 2022-23 | पूर्ण | नही |
| 4 | अछनेरा | कनोरा | वर्ष 2022-23 | पूर्ण | नही |
| 5 | अछनेरा | सोंधन | वर्ष 2022-23 | पूर्ण | नही |
| 6 | अछनेरा | पनवारी | वर्ष 2022-23 | पूर्ण | नही |
| 7 | अछनेरा | अदूस | वर्ष 2022-23 | अपूर्ण | नीव स्तर तक |
| 8 | अछनेरा | अर्रूआ खास | वर्ष 2023-24 | पूर्ण | नही |
| 9 | अछनेरा | नगला अर्रूआ | वर्ष 2023-24 | पूर्ण | नही |
| 10 | अछनेरा | गढीचन्द्रमन | वर्ष 2023-24 | पूर्ण | नही |
| 11 | अछनेरा | गागरौल जाट | वर्ष 2023-24 | पूर्ण | नही |
| 12 | अछनेरा | जनूथा | वर्ष 2023-24 | पूर्ण | नही |
| 13 | अछनेरा | छःपोखर | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | टीन शैड स्तर तक |
| 14 | अछनेरा | पुरामना | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | सुपर स्टेचर बन गया |
| 15 | अछनेरा | सहाई | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | टीन शैड स्तर तक |
| 16 | अछनेरा | सकतपुर | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | पटाव स्तर पर |
| 17 | अछनेरा | अरसैना | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | टीन शैड स्तर तक |
| 18 | अछनेरा | सीगना | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | टीन शैड स्तर तक |
| 19 | अछनेरा | लोहकरैरा | वर्ष 2023-24 | पूर्ण | नही |
| 20 | अछनेरा | हसेला | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | अतिक्रमण तहसील से टीन आनी है |
| 21 | अछनेरा | रैपुरा अहीर | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | नीव स्तर तक |
| 22 | अछनेरा | कुकथला | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | टीन शैड स्तर तक |
| 23 | अछनेरा | गई | वर्ष 2023-24 | — | लेखपाल ने लिखित में भूमि उपलब्ध नहीं करायी |
| 24 | अछनेरा | गंगूर्रा | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | प्लर स्थर तक |
| 25 | अछनेरा | गोवरा | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | टीन शैड स्तर तक |
| 26 | अछनेरा | महुअर | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | प्लन्थ से उपर |
| 27 | अछनेरा | कठवारी | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | नीव स्तर तक |
| 28 | अछनेरा | व्यारा | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | पानी भराव |
| 29 | अछनेरा | नागर | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | नीव स्तर तक |
| 30 | अछनेरा | खडवाई | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | नीव स्तर तक |
| 31 | अछनेरा | मुरैण्डा | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | बाउन्डीवाल स्तर तक |
| 32 | अछनेरा | कीठम | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | लेखपाल ने लिखित में भूमि उपलब्ध नहीं करायी |
| 33 | अछनेरा | अगैंदापुरा | वर्ष 2023-24 | — | जगह अभी चयनित हुई है |
| 34 | अछनेरा | अकबरा | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | नीव स्तर तक |
| 35 | अछनेरा | गागरौल गूजर | वर्ष 2023-24 | कार्य संचालित है | प्लन्थ स्तर तक |

खण्ड विकास अधिकारी अछनेरा (प0)
अछनेरा,आगरा

Scanned with Oken Scanner

283

**उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

कार्यालय :– वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल),
निर्माण खण्ड–पंचम, प्रशासनिक भवन,
ई.पी.आई.पी. शास्त्रीपुरम्, सिकन्दरा,
आगरा–282007 (उ0प्र0)
जीएसटी नं0:– 09AAALU1000G1ZF
ईमेल–cccd5upsidcagra@gmail.com
वेबसाइट:– www.onlineupsida.com

उप. वन संरक्षक
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0, आगरा।

संदर्भ संख्या 205 /यूपीसीडा/व0प्र0(सिव0)/सीडी–5/आगरा दिनांक 05/07/2024

विषयः– सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक आपके पत्रांक 2436 दिनांक 21.06.2024 के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सूर सरोवर जो आगरा मथुरा रोड पर स्थित है कि परिधि के अन्तर्गत 10 कि0मी0 की दूरी में यूपीसीडा के द्वारा स्थापित किये जा रहे लेदर पार्क आगरा की सीमा आती है। यदि नये नियम बनाये जाते है तो प्राधिकरण को दोबारा Environment clearance लेना पड़ेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,
Abhishek
वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल)

संदर्भ संख्या............................/यूपीसीडा/व0प्र0(सि0)/सीडी–5/आगरा दिनांक....../...../2024

प्रतिलिपि :–

1. प्रबन्धक (सि0), निर्माण खण्ड–पंचम को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वरिष्ठ प्रबन्धक (सिविल)

Scanned with Oken Scanner

उत्तर प्रदेश सरकार

लोक निर्माण विभाग

कार्यालय–अधिशासी अभियन्ता
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, आगरा - 282001
PROVINCIAL DIVISION, P.W.D. AGRA-282001
email- pwd123pd@gmail.com
pwdhelpline@gmail.com

पत्रांक 2643/1 सी०                                                                 दिनांक 04/07/2024

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ०प्र०, आगरा।

विषयः– सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमा सुव्यवस्थीकरण(1किमी0 से 10 किमी0 परिधि में) के पश्चात् प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, आगरा की प्रभावित होने वाली योजनाओं/मार्गों के **EIA (Environmental Impact Assessment)-2006** अधिनियम के अन्तर्गत **Environmental Clearance** की आवश्यकता के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक 2389/12–1 दिनांक 13.06.2024 ।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमा (1किमी0 से 10 किमी0 परिधि में) सुव्यवस्थीकरण के पश्चात विभाग की प्रभावित होने वाली योजनाओं/मार्गों के EIA-2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता की जानकारी चाही गयी है। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विभाग के निम्नलिखित मार्ग/योजनायें प्रभावित होंगी–

| क्रम सं0 | मार्ग का नाम | श्रेणी | लम्बाई (कि0मी0) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगला रादले मथुरा सीमा से एन0एच0–2 होते हुए एन0एच0–11 तक मार्ग | अ0जि0मा0 | 21.000 | |
| 2 | आगरा चिचपुरी अछनेरा मार्ग | अ0जि0मा0 | 16.000 | |
| 3 | अछनेरा कुण्डावाई मार्ग | अ0जि0मा0 | 9.600 | |
| 4 | किरावली रूनकता मार्ग | अ0जि0मा0 | 11.108 | |
| 5 | अछनेरा फरह मार्ग | अ0जि0मा0 | 9.025 | |
| 6 | अछनेरा कीठम सीगना मार्ग | अ0जि0मा0 | 15.000 | |
| 7 | किरावली रायभा मार्ग पर रायभा से मांगरोल गूजर मार्ग | अ0जि0मा0 | 21.683 | |
| 8 | अछनेरा फरह मार्ग के कि0मी0–12 बबरोंद से हसेला राजस्थान सीमा वाया साधन मढ़ीमा मार्ग | अ0जि0मा0 | 14.250 | |
| 9 | रूनकता रेलवे पोषक मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.000 | |
| 10 | कीठम रेलवे पोषक मार्ग | ग्रा0मा0 | 0.820 | |
| 11 | सुरकुटी मार्ग | ग्रा0मा0 | 0.800 | |
| 12 | श्रम श्री आश्रम से जुगसैना का शेष भाग | ग्रा0मा0 | 0.850 | |
| 13 | कीठम कचौरा मार्ग से जनूथा का शेष भाग | ग्रा0मा0 | 1.000 | |
| 14 | रूनकता किरावली से गुरेन्डा मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.000 | |
| 15 | कचौरा से बरतई मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.500 | |
| 16 | रायभा मंगूरा से जनूथा मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.200 | |
| 17 | मांगरोल में कुंवर सिंह के नलकूप से नगला रादले मार्ग | ग्रा0मा0 | 2.700 | |
| 18 | कठ्वारी से जनूथा मार्ग | ग्रा0मा0 | 3.300 | |
| 19 | अछनेरा फरह से छह पोखर मार्ग | ग्रा0मा0 | 2.000 | |

Scanned with Oken Scanner

285 कार्यालय–अधिशासी अभियन्ता
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, आगरा– 282001
PROVINCIAL DIVISION, P.W.D. AGRA-282001
email- pwd123pd@gmail.com
pwdhelpline@gmail.com

उत्तर प्रदेश सरकार

लोक निर्माण विभाग

पत्रांक ........................ दिनांक ........................

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | जूनियर हाईस्कूल पनवारी से जऊपुरा मार्ग | ग्रा0मा0 | 2.650 | |
| 21 | भिलावटी से कठवारी तक मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.600 | |
| 22 | मांगरौल गूजर से रूनकता मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.000 | |
| 23 | राधन से खेड़ा मथुरा मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.500 | |
| 24 | पाली सदर से अछनेरा वाया जखा मार्ग | ग्रा0मा0 | 3.100 | |
| 25 | अछनेरा कीठम से करौंटी मार्ग | ग्रा0मा0 | 0.650 | |
| 26 | अछनेरा कीठम से नानऊ मार्ग | ग्रा0मा0 | 0.550 | |
| 27 | कुकथला से रहता सम्पर्क मार्ग | ग्रा0मा0 | 2.600 | |
| 28 | गुरेण्डा मार्ग से नगला गुरली मार्ग | ग्रा0मा0 | 0.750 | |
| 29 | अछनेरा झुण्डावाई मार्ग के किमी0–8 से गढीमा होते हुए नगला हरीराम मार्ग | ग्रा0मा0 | 2.000 | |
| 30 | पनवारी से नहर पटरी होते हुए रूनकता मार्ग | | | |
| 31 | किरावली रूनकता मार्ग से भिलावटी मार्ग | ग्रा0मा0 | 2.800 | |
| 32 | कठवारी से मगुर्रा मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.500 | |
| 33 | नगला सदले से नगला अर्जुन मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.500 | |
| 34 | मांगरौल गूजर से नगला सपेरा मार्ग | ग्रा0मा0 | 0.500 | |
| 35 | नगला सदले से मांगरौल गूजर मार्ग | ग्रा0मा0 | 0.500 | |
| 36 | एन0एच0–2 से रेणुका धाम मार्ग | ग्रा0मा0 | 2.500 | |
| 37 | कुकथला से कठवारी मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.000 | |
| 38 | किरावली रूनकता मार्ग से अरसैना मार्ग | ग्रा0मा0 | 2.000 | |
| 39 | पनवारी से लोह करेरा मार्ग | ग्रा0मा0 | 6.000 | |
| 40 | पनवारी से जऊपुरा मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.700 | |
| 41 | भिलावटी से गुरेण्डा मार्ग | ग्रा0मा0 | 1.200 | |
| | | ग्रा0मा0 | 1.300 | |

युक्तियुक्तीकरण के पश्चात आवादी क्षेत्र में लो0नि0वि0 की लगभग 170–180 किमी0 लम्बाई की सड़कें ESZ में आने के कारण इन मार्गों पर नियमित होने वाले अनुरक्षण कार्य बाधित होंगे जिस कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में असुविधा होगी व भविष्य में मार्गों के नव निर्माण, विशेष मरम्मत कार्य कराया जाना भी सम्भव नहीं हो सकेगा तथा यातायात सुगम बनाने हेतु मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना भी सम्भव नहीं हो सकेगा। उपरोक्त सूची के क्र0सं0 11 पर अंकित मार्ग पर पी0सी0 के साथ नवीनीकरण का कार्य स्वीकृत है जो कि अभी तक प्रारम्भ नहीं किया जा सका है। उपरोक्त समस्त कार्यों के लिये Environmental Clearance की आवश्यकता होगी।

अतः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

(आर0एस0 वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, आगरा

पत्रांक ........................ दिनांक ........................

प्रतिलिपि – अधीक्षण अभियन्ता, प्रा0म0, लो0नि0वि0, आगरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, आगरा

Scanned with Oken Scanner

प्रेषक,
उप निदेशक उद्यान,
आगरा मण्डल, आगरा।

सेवा में,
क्षेत्रीय अधिकारी,
उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
आगरा।

पत्रांक :-अ0लि0 /उद्यान/सींगना/2024-25/दिनांक : आगरा : 05 जुलाई, 2024

विषयः- सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात समस्त विभागों की प्रभावित होने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में EIA (Environmental Impact Assessment)-2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता के सम्बन्ध में सूची तैयार करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त कार्यालय जिलाधिकारी, आगरा के पत्रांक 2477/12-1/दिनांक 28.06.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिनांक 20.06.2024 जिलाधिकारी महोदय आगरा की अध्यक्षता में समस्त विभागों की बैठक आयोजित की गयी जिसमें सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात समस्त विभागों की प्रभावित होने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आगरा से सम्पर्क कर EIA (Environmental Impact Assessment)-2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता के सम्बन्ध में सूची तैयार करने के सम्बन्ध में है।

उल्लेखनीय है कि राजकीय उद्यान प्रक्षेत्र, आगरा पर 25 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया जाता है। प्रक्षेत्र में आलू विकास संवर्धन हेतु अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र की रीजनल शाखा स्थापित किये जाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया। यह कार्य अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया जायेगा।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या-156/58-2024-1729928 दिनांक 26.01.2024 (संलग्नक-1) के द्वारा राजकीय प्रक्षेत्र सींगना, जनपद आगरा में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र पेरू का साउथ एशिया रीजनल सेन्टर स्थापित किये जाने हेतु सींगना में स्थित उद्यान विभाग के नाम दर्ज खाता संख्या-00272 में उपलब्ध भूमि क्षेत्रफल 138.50 हेक्टेयर में से चिन्हित 10 हेक्टेयर भूमि जो 99 वर्ष के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, को लीज (पट्टे) पर निःशुल्क दी गयी है तथा राजकीय प्रक्षेत्र सींगना, आगरा पर अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र पेरू का साउथ एशिया रीजनल सेन्टर हेतु सूर सरोवर पक्षी विहार आगरा से आने जाने हेतु प्रयोग किये जाने वाले रास्ते के सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या-157/58-2024-1729928 उद्यान अनुभाग लखनऊ दिनांक 26.01.2024 (संलग्नक-2) के द्वारा सक्षम स्तर से अनुमति प्रदान की गयी।

तदक्रम में कार्यालय उप निदेशक उद्यान, आगरा के पत्रांक अ0 लि0 1928-32 /उद्यान/ सींगना /2023-24/दिनांकः आगराः 30.01.2024 के द्वारा दिनांक 30.01.2024 को राजकीय प्रक्षेत्र सींगना, जनपद आगरा की चिन्हित 10 हेक्टेयर भूमि राष्टीय बागवानी बोर्ड को तहसीलदार, किरावली, आगरा के माध्यम से राजस्व अभिलेखों/खतौनी में दर्ज करा दी गयी है।

क्रमशः ....2

Scanned with Oken Scanner

अतः सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के सम्बन्ध में राजकीय उद्यान प्रक्षेत्र, सींगना जनपद आगरा में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र पेरू का साउथ एशिया रीजनल सेन्टर स्थापित किये जाने हेतु EIA (Environmental Impact Assessment)-2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance के लिए सूची में सम्मिलित करने का कष्ट करें।

संलग्नक :- उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(धर्म पाल यादव)
उप निदेशक उद्यान,
आगरा मण्डल, आगरा।

पृष्ठांकन सं0- 853-57 /दिनांकित।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त महोदया, आगरा मण्डल, आगरा।
2. जिलाधिकारी महोदय, आगरा।
3. निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,उ0प्र0, लखनऊ।
4. उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल, सैंक्चुरी प्रोजेक्ट, उ0प्र0, आगरा

04/07/2024

उप निदेशक उद्यान,
आगरा मण्डल, आगरा।

Scanned with Oken Scanner

Subject: Re: soor_sarovar_ESZ_Boundary_EC

From: LALL, ASHWANI J.( , ) <lallashwani@indianoil.in> on Thu, 04 Jul 2024 15:13:23

To: dfochambal <dfochambal@rediffmail.com>

Cc: "Singh, Swati" <SinghS56@indianoil.in>, SHARMA, NITESH (¿�¶ ¶®) <sharmanitesh@INDIANOIL.IN>, Dr. RAY MANOJ KUMAR ( ¡�. � ®�� ��®) <raymk@INDIANOIL.IN>, SEN, BHASKAR (,�, ,&#8205�) <SENB@INDIANOIL.IN>, GOPINATH, K. (�°. ��.) <GOPINATHK@INDIANOIL.IN>, HAZARIKA, BHASKAR ('�¿�. ,�) <b_hazarika@INDIANOIL.IN>

---

Dear Ma'am,

As of now , there is no planning of any new project coming up at Keetham area of Mathura Refinery.

Regards,
Ashwani J Lall

---

**From:** dfochambal@rediffmail.com <dfochambal@rediffmail.com> on behalf of dfochambal <dfochambal@rediffmail.com>
**Sent:** Wednesday, July 3, 2024 11:31:28 AM
**To:** LALL, ASHWANI J.(लाल, अश्वनी) <lallashwani@indianoil.in>
**Subject:** Fw: soor_sarovar_ESZ_boundary_EC

CAUTION: External email. Do not click links or open attachments unless you recognize the sender and know the content is safe.

PLEASE FIND THE ATTACHMENT...

DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS,
NATIONAL CHAMBAL SANCTUARY PROJECT,
UP, AGRA

From: "dfochambal"<dfochambal@rediffmail.com>
Sent: Sat, 29 Jun 2024 13:11:48
To: "mathurarefinery"<mathurarefinery@indianoil.in>
Subject: soor_sarovar_ESZ_boundary_EC

PLEASE FIND THE ATTACHMENT...

DEPUTY CONSERVATOR OF FORESTS,
NATIONAL CHAMBAL SANCTUARY PROJECT,
UP, AGRA

---

अस्वीकरण
यह संदेश इंडियनऑयल मैसेजिंग गेटवे, भारत से भेजा गया है। इस इलेक्ट्रॉनिक संदेश में निहित जानकारी और इसके साथ कोई भी संलग्नक केवल प्रेषित व्यक्ति (यों) के लिए ही है और इसमें स्वामित्व, गोपनीय या विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी हो सकती है। यदि आप वांछित प्राप्तकर्ता नहीं हैं तो आपको इस ई-मेल को प्रसारित, वितरित या कॉपी नहीं करना चाहिए। कृपया इसकी सूचना तुरंत प्रेषक को दें और इस संदेश की सभी प्रतियां और सभी संलग्नक नष्ट कर दें।
राजभाषा हिन्दी में हम आपके पत्रों का स्वागत करते है।

Disclaimer
This Message was sent from IndianOil Messaging Gateway, India. The information contained in this electronic message and any attachments to this message are intended for the exclusive use of the addressee(s) and may contain proprietary, confidential or privileged information. If you are not the intended recipient, you should not disseminate, distribute or copy this e-mail. Please notify the sender immediately and destroy all copies of



Scanned with Oken Scanner

गेल गैस लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम) (एक महारत्न कम्पनी – गेल (इंडिया) लिमिटेड की पूर्णतः स्वामित्व अनुषंगी कम्पनी)

**GAIL Gas Limited**

(A Govt. of India Undertaking) (A Wholly owned subsidiary of GAIL (India) Limited - A Maharatna Company)

स्थानीय कार्यालय
जी–10/8, तीसरी मंजिल, पदमदीप टावर,
संजय प्लेस, आगरा–282 002
उत्तर प्रदेश

SITE OFFICE :
G-10/8, 3RD FLOOR, PADAMDEEP TOWER
SANJAY PLACE, AGRA - 282 002
UTTAR PRADESH
फोन : PHONE : +91-562-2520285, 2527570

सन्दर्भ : गेल गैस लि./आगरा/ओ. एण्ड एम./2024/22014

दिनांक : 02.07.2024

सेवा में,

आरुषी मिश्रा,
उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सेंक्चुरी प्रोजेक्ट,
आगरा, उत्तर प्रदेश।

विषय : सूर सरोवर पक्षी विहार के सुव्यवस्थीकरण के उपरान्त ईको सेन्सिटिव जोन के पुनर्निर्धारण से नगर योजनाओं पर पड़ने वाले प्रभाव के सम्बन्ध में।

महोदया,

कृपया अपने पत्रांक : 2436/12-1 दिनांक 21.06.2024 और हमारे पत्र गेल गैस लि./आगरा/ओ. एण्ड एम./2024/22009 दिनांक : 27.06.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें आपके द्वारा जो जानकारी माँगी गई है वह इस पत्र के साथ संलग्न है। जिसमें दर्शाया गया है कि कीठम झील के 10 कि.मी. के दायरे में गेल गैस लिमिटेड, आगरा की पाइपलाइन का विवरण निम्नलिखितानुसार है -

1. स्टील पाइपलाइन : लगभग 14 कि.मी. में बिछी है जिसे नीली रेखा से दर्शाया गया है।
2. प्लास्टिक (MDPE) पाइपलाइन : लगभग 5 कि.मी. में बिछी है जिसे पीली रेखा से दर्शाया गया है।

गेल गैस लिमिटेड की गैस पाइपलाइन के नेटवर्क की यथास्थिति बनी रहेगी, उसका संचालन व रखरखाव (Operation & Maintenance) किया जायेगा। क्योंकि गेल गैस द्वारा उस क्षेत्र में कोई प्रोजेक्ट भविष्य में प्रायोजित नहीं होगा, इसलिए अभी EIA (Environmental Impact Assessment)-2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता गेल गैस लिमिटेड को नहीं है।

आवश्यकता होने पर गेल गैस के 24 घंटे आपातकालीन नियन्त्रण कक्ष में निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है। 9927811227, 9927811226, 0562 - 2520285, 2854522

धन्यवाद,

भवदीय

गौरव जैन,
उप महाप्रबन्धक,
गेल गैस लिमिटेड, आगरा



Scanned with Oken Scanner

# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा

पत्रांक 22 /29-1 आगरा दिनांक 02 जुलाई, 2024

सेवा में

जिलाधिकारी,
आगरा।

विषय सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात समस्त विभागों की प्रभावित होने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में EIA ( Environmental Impact Assessment) - 2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearance की आवश्यकता की सूची तैयार करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ आपका पत्रांक– 2477 / 12–1 दिनांक 28.06.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि सूर सरोवर की पक्षी विहार की सीमा की परिधि मे EIA ( Environmental Impact Assessment) - 2006 अधिनियम के अन्तर्गत वन विभाग की ऐसी कोई परियोजना संचालित / प्रस्तावित नहीं है, जोकि पर्यावरण को प्रभावित करती हो।

भवदीय,

(आदर्श कुमार)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा।

पत्र संख्या 22 /29–1 दिनांकित।

प्रतिलिपि वन संरक्षक, आगरा वृत्त, आगरा सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(आदर्श कुमार)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा।

प्रेषक,

ज्येष्ठ खान अधिकारी,
आगरा।

सेवा में,

क्षेत्रीय अधिकारी,
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
जनपद आगरा।

पत्रांक 391 /खनिज सहायक/2024–25 दिनांक 01/07/2024

विषयः– सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थितकरण के पश्चात खनन विभाग की प्रभावित होने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में EIA (Environmental Impact Assessment)- 2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearace की आवश्यकता की सूची तैयार करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय जिलाधिकारी, आगरा के पत्रांक 2477/12–1 दिनांक 28.06.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सूर सरोवर पक्षी विहार की सीमाओं के सुव्यवस्थीकरण के पश्चात समस्त विभागों की प्रभावित होने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण बोर्ड, आगरा से सम्पर्क कर EIA (Environmental Impact Assessment)- 2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearace की आवश्यकता की सूची तैयार कराने का निर्देश दिये गये है।

उक्त के अनुपालन में सादर अवगत कराना है कि सूर सरोवर पक्षी विहार के क्षेत्रफल बढने एवं उसके परिणामस्वरूप Eco Senstive Zone के विस्तार में परिवर्तन होने से जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार जनपद आगरा के तहसील सदर के ग्राम बाईपुर अहतमाली में संचालित सा0 बालू के खनन पट्टा एवं ग्राम स्वामी अहतमाली में प्रस्तावित सा0बालू के खनन पट्टा बन्द हो जायेगी ,जिससे सरकार को करोडो रूपये की राजस्व क्षति होगी । खनन विभाग की प्रभावित होने वाली खनन क्षेत्रों का विवरण निम्नवत् हैः–

| क0सं0 | जनपद | उपखनिज का नाम व नदी | क्षेत्र का विवरण. तह0/ग्राम/गाटा संख्या/क्षे0 | भू–निर्देशांक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आगरा | सा0बालू/ यमुना नदी | सदर/बाईपुर अहतमाली /32/6.07है0 | A | N- 27°17'32.82" | E-77°57'16.27" |
| | | | | B | N- 27°17'35.16" | E-77°57'26.80" |
| | | | | C | N- 27°17'28.54" | E-77°57'26.21" |
| | | | | D | N- 27°17'26.30" | E-77°57'15.78" |
| 2. | आगरा | सा0बालू/ यमुना नदी | सदर/स्वामी अहतमाली /1,2/6.07है0 | A | N- 27°15'49.00" | E-77°55'46.00" |
| | | | | B | N- 27°15'51.00" | E-77°55'51.00" |
| | | | | C | N- 27°15'40.00" | E-77°55'57.00" |
| | | | | D | N- 27°15'38.00" | E-77°55'51.00" |

Scanned with Oken Scanner

उपरोक्त खनन क्षेत्रों में खनन कार्य किये जाने से पूर्व EIA (Environmental Impact Assessment)- 2006 अधिनियम के अन्तर्गत Environmental Clearace प्राप्त करना आवश्यक होता है।

अतः उपरोक्तानुसार सूचना से अवगत होने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोपरि।

खान निरीक्षक
आगरा।

पत्र एवं समदिनांक।

प्रतिलिपिः–

1. जिलाधिकारी महोदय, आगरा को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट आगरा, को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

01.07.2024

खान निरीक्षक
आगरा।

Scanned with Oken Scanner

कार्यालयः उप परियोजना प्रबन्धक
उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड
सेतु निर्माण इकाई,
निकट भावना टावर,
रेल उपरिगामी सेतु—502,
गुरू का ताल—हरी पर्वत मार्ग,
आगरा (उ0प्र0) 282007
Email-upsbc.bcu1agra@gmail.com
GSTIN NO-09AAACU3256KSZA

(राज्य सरकार का उपक्रम)

पत्रांक- 698 /५१वीआ०/एसबीसी/आगरा/2024—25 दिनांक- 29.6.2024

सेवा में,

**प्रभागीय निदेशक**
चम्बल अभ्यारण्य
आगरा।

महोदय,

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), आगरा द्वारा दिनांक 20.06.2024 को दूरभाष पर जनपद आगरा में उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा निर्माणाधीन/प्रस्तावित नदी/रेल उपरिगामी सेतुओं की सूर सरोवर (कीठम झील) रूनकता, आगरा से एरियल दूरी की वांछित आख्या उसी दिन प्रेषित कर दी गयी थी। पुनः दिनांक 24.06.2024 को क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आगरा के कार्यालय में हुई बैठक में दिये गये निर्देशानुसार वांछित आख्या निम्नानुसार हैः—

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | एरियल दूरी (किमी0) | कार्य प्रारम्भ करने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की लक्षित तिथि | लम्बाई (मी0) | चौड़ाई (मी0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **सूर सरोवर बर्ड सेंचुरी PA. 403.09 हे0 से 1.00 किमी0 ESZ के अन्तर्गत आने वाले सेतुओं का विवरण** | | | | | |
| | आख्या शून्य | | | | | |
| 2 | **799.063 हे0 के 1.00 किमी0 ESZ के अन्तर्गत आने वाले सेतुओं का विवरण** | | | | | |
| | आख्या शून्य | | | | | |
(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रूप में उपाबद्ध है।

**2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना–** (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की गई हैं के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप भी और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से की जाएगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;

(ii) वन और वन्यजीव;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज; और

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं के ब्यौरों से अनुसमर्थित मानचित्र के साथ सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी के पैरा-4 में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना प्रादेशिक विकास योजना की सह्-विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कार्यो को करने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्को और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु यह पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन निगरानी समिति की सिफारिश पर और यथा लागू और क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से, और इस अधिसूचना के उपबंधों द्वारा स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अन्तर्गत गृह वास सम्मिलित है; और

(v) पैरा 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और कि प्रादेशिक नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई गलती, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार ठीक होगी और उक्त गलती के सुधार की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि गलती के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा।

(ख) वनीकरण तथा वास जीर्णोद्धार क्रियाकलापों सहित अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.-** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जाएगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित होंगे:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिजॉर्ट के सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापना केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी–पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देते हुए (समय-समय पर यथा संशोधित) जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा और निगरानी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नये होटल या रिसोर्ट या वाणिज्यिक स्थापना का संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जायेगा।

(4) **नैसर्गिक विरासत.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गो, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, स्थापत्य, सौंदर्यपूरक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की और उपक्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण और निवारण के लिए पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के उपबंधों का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण के लिए वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन (ईएसएम) अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.-** जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि.343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.सां.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय यातायात.-** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम

प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय क्रियाकलापों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** लागू विधियों के अनुपालन में वाहन प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण किया जाएगा और स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कोई नए प्रदूषित उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार, जब तक कि अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो; पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त, गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार होगा:-

(क) आंचलिक महायोजना पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों का संकेत होगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**(18)** केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, यदि आवश्यक समझें तो, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए, अन्य उपाय विनिर्दिष्ट करेंगी।

**4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण अधिनियम के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों जिसके अन्तर्गत तटीय विनियमन जोन अधिसूचना 2011 और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियां के जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) सम्मिलित हैं और किये गये संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :—

**सारणी**

| **क्रम सं.** | **क्रियाकलाप** | **टिप्पणिया** |
|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** |
| | **क.प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप** | |
| 1. | वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां। | (क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने और व्यक्तिगत उपभोग के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनकों तोड़ने की इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होगी;<br>(ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालित होंगी। |
| 2. | प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन करने वाले उद्योगों की स्थापना। | पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: |

| | | |
|---|---|---|
| | | परन्तु यह कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्तों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक कि अधिसूचना में ऐसा विनिर्दिष्ट न हों, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को अनुज्ञात किया जाएगा और इसके अतिरिक्त गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्यागों को बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 3. | बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे। |
| 4. | किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे। |
| 5. | प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे। |
| 6. | नई आरा मिलों की स्थापना। | पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा। |
| 7. | ईंट भट्टों की स्थापना करना। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे। |
| 8. | जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग। | लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे। |
| | **ख.विनियमित क्रियाकलाप** | |
| 9. | वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टो की स्थापना। | पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों के लिए लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और रिसोर्टों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:<br>परंतु यह कि संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के परे या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें से जो भी निकट हो सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा। |
| 10. | संनिर्माण क्रियाकलाप। | (क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी:<br><br>परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, उप-विधियों के अनुसार, पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने उपयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी, जैसे:<br>परंतु यह कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे।<br>(ख) एक किलोमीटर से परे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे। |

| | | |
|---|---|---|
| 11. | प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्तारण। | जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्तारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा। |
| 12. | वायु और वाहन प्रदूषण। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 13. | पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना। | लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे। |
| 14. | फर्मो, निगमों और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना। | स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अनुसार विनियमित (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे। |
| 15. | पोलिथीन थैलों का प्रयोग। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 16. | विदेशी प्रजातियों को लाना। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 17. | सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 18. | वृक्षों की कटाई। | (क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना वन या सरकारी या राजस्व अथवा निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी।<br>(ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी। |
| 19. | विद्युत और संचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। (भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा)। |
| 20. | विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण। | न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों तथा उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना। |
| 21. | होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा। |
| 22. | रात्रि में यानिक यातायात का संचलन। | लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे। |
| 23. | वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 24. | प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग। | फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे। |
| 25. | वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण। | लागू विधियों के अनुसार विनियमित होंगे। |

| | | |
|---|---|---|
| 26. | पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 27. | स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुगधशाला, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन। | स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे। |
| 28. | ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 29. | पारिस्थितिकी-पर्यटन। | लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। |
| 30. | नागरिक सुख सुविधाओं सहित अवसंरचनाएं। | न्यूनीकरण उपायों को लागू विधियों, नियमों और विनियमनों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जाना। |
| | **ग.संवर्धित क्रियाकलाप** | |
| 31. | वर्षा जल संचयन। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 32. | जैविक खेती। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 33. | सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 34. | कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर, आदि भी हैं। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 35. | नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग। | बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना है। |
| 36. | कृषि वानिकी। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 37. | बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 38. | निम्नीकृत भूमि वन आवास की बहाली। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 39. | पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 40. | कौशल विकास। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |
| 41. | पर्यावरणीय जागरुकता। | सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। |

**5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन की अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति-** केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी निगरानी के लिए निगरानी समिति का गठन करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी अर्थात्:-

| **क्र.सं.** | **निगरानी समिति का संघटक** | **पद** |
|---|---|---|
| (i) | जिला मजिस्ट्रेट, आगरा | अध्यक्ष,पदेन |
| (ii) | पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आगरा | सदस्य |
| (iii) | राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र (विरासत संरक्षण सहित) में काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) का एक प्रतिनिधि | सदस्य; |
| (iv) | पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ | सदस्य |
| (v) | जैव विविधता में एक विशेषज्ञ | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| (vi) | कार्यकारी अभियंता, लोक कार्य विभाग, आगरा | सदस्य |
| (vii) | सिंचाई विभाग, आगरा के कार्यकारी अभियंता | सदस्य |
| (viii) | जिला कृषि अधिकारी, आगरा | सदस्य |
| (ix) | वन्यजीव वार्डन, इटावा | सदस्य |
| (x) | क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला आगरा | सदस्य |
| (xi) | उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य परियोजना, आगरा | सदस्य सचिव। |

**6. निर्देश–निबंधन:-** (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन तक के लिए होगा और तत्पश्चात् में निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितम्बर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके जो पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, निगरानी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केद्रींय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना की अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक अधिकारियों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उप आयुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम, की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध V** में संलग्न प्रोफार्मा में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, निगरानी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे।

**7.** इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी।

**8.** इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले कोई आदेश, यदि कोई हों, के अध्यधीन होंगे।

[फा. सं. 25/13/2017-ईएसजेड]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

**उपाबंध- I**

**उत्तर प्रदेश राज्य में सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण**

**उत्तर -** सीनगना ग्राम और नगला रेती की आंशिक खेती भूमि, नगला अकोस खादर

**दक्षिण -** अरेसेना ग्राम और कीथम ग्राम की आंशिक खेती भूमि, नगला मुरली और मूरेंदा

**पूर्व -** रूनकाटा ग्राम, सूरदास वन खंड का रिज़र्व वन

**पश्चिम -** नगला भूपला ग्राम, चौमा फराह एवं सीनगना खास ग्राम की आंशिक खेती भूमि और वूरज

**उपाबंध- IIक**

**उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य का गूगल मानचित्र**



उपाबंध- IIख

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र



उपाबंध-III

**सारणी क: सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक**

| क्र. सं. | अक्षांश | देशांतर | क्र.सं. | अक्षांश | देशांतर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27° 14' 47.2" उ | 77° 51' 14.1" पू | 12 | 27° 15' 12.62" उ | 77° 49' 49.92" पू |
| 2 | 27° 15' 08.6" उ | 77° 51' 12.3" पू | 13 | 27° 15' 1.41" उ | 77° 50' 1.14" पू |
| 3 | 27° 15' 14.2" उ | 77° 51' 01.7" पू | 14 | 27° 14' 58.09" उ | 77° 50' 1.31" पू |
| 4 | 27° 15' 18.6" उ | 77° 51' 00.6" पू | 15 | 27° 14' 53.78" उ | 77° 49' 58.98" पू |
| 5 | 27° 15' 18.20" उ | 77° 50' 50.6" पू | 16 | 27° 14' 48.56" उ | 77° 49' 54.01" पू |
| 6 | 27° 15' 20.0" उ | 77° 50' 41.2" पू | 17 | 27° 14' 34.94" उ | 77° 49' 49.30" पू |
| 7 | 27° 15' 22.88" उ | 77° 50' 27.76" पू | 18 | 27° 14' 45.99" उ | 77° 50' 18.09" पू |
| 8 | 27° 15' 48.41" उ | 77° 50' 28.44" पू | 19 | 27° 14' 39.89" उ | 77° 50' 28.44" पू |
| 9 | 27° 15' 56.51" उ | 77° 50' 2.29" पू | 20 | 27° 14' 31.57" उ | 77° 50' 23.64" पू |
| 10 | 27° 15' 38.95" उ | 77° 49' 37.99" पू | 21 | 27° 14' 28.40" उ | 77° 50' 39.54" पू |
| 11 | 27° 15' 20.07" उ | 77° 49' 42.15" पू | 22 | 27° 14' 32.89" उ | 77° 51' 3.24" पू |

**सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के अक्षांश देशांतर**

| क्र. सं. | अक्षांश | देशांतर |
|---|---|---|
| क | 27° 14' 17.44" उ | 77° 51' 37.19" पू |
| ख | 27° 15' 7.66" उ | 77° 51' 50.42" पू |
| ग | 27° 15' 40.11" उ | 77° 51' 25.95" पू |
| घ | 27° 15' 41.18" उ | 77° 50' 58.84" पू |
| ङ | 27° 16' 7.42" उ | 77° 50' 58.48" पू |
| च | 27° 16' 26.63" उ | 77° 50' 18.71" पू |
| छ | 27° 16' 8.04" उ | 77° 49' 22.27" पू |
| ज | 27° 15' 17.73" उ | 77° 49' 8.48" पू |
| झ | 27° 14' 47.42" उ | 77° 49' 16.22" पू |
| ञ | 27° 14' 1.11" उ | 77° 49' 48.59" पू |
| ट | 27° 13' 58.64" उ | 77° 50' 23.72" पू |

**उपाबंध IV**

**उत्तर प्रदेश राज्य में भू-निर्देशांकों के साथ सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्तर्गत आने वाले राजस्व ग्रामों की सूची**

| क्र.सं | ग्राम का नाम | अक्षांश | देशांतर |
|---|---|---|---|
| 1. | रूनाकता | 27°14' 09.00 उ | 77° 52' 25.40" पू |
| 2. | नागला मुरली | 27°13' 49.40 उ | 77° 51' 03.30" पू |
| 3. | अरसाइना | 27°14' 11.20 उ | 77° 50' 14.50" पू |
| 4. | चाउमा फराह | 27°14' 57.10 उ | 77° 49' 54.50" पू |
| 5. | नागला भूपिया | 27°15' 11.10 उ | 77° 49' 42.00" पू |
| 6. | सींगा खास | 27°15' 59.90 उ | 77° 49' 27.50" पू |
| 7. | नगला रेती | 27°16' 07.30 उ | 77°49' 44.60" पू |
| 8. | सींगा बुर्ग | 27°16' 12.60 उ | 77° 49' 28.30" पू |
| 9. | गर्री नाहचाला | 27°15' 25.70 उ | 77° 52' 19.60" पू |

**उपाबंध V**

**की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान:**

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत: (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का उल्लेख करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक उपाबंध में उपाबद्ध करें) ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए यौहार किए गए मामलों का सारांश (पारिस्थितिकी संवेदी जोन वार) । ब्यौरे उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाले क्रियाकलापों की संवीक्षा के मामलों का सारांश। (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संवीक्षा के मामलों का सारांश । (ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं)।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

## MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

## NOTIFICATION

New Delhi, the 10th October, 2019

**S.O. 3649(E).**—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 1728(E), dated the 24th April, 2018, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

**AND WHEREAS**, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 24th April, 2018;

**AND WHEREAS**, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

**AND WHEREAS,** the Soor Sarovar Bird Sanctuary is situated about 20 kilometers from the district headquarter Agra and about 180 kilometers from Delhi in the State of Uttar Pradesh. The Bird Sanctuary is spread over an area of 4.030 square kilometers;

**AND WHEREAS,** major flora recorded from the Soor Sarovar Bird Sanctuary are *Cassia siamea* (kesia), *Prosopis juliflora* (vilayti babool), *Achyranthes aspera* (latjeera), *Ficus bengalensis* (bargad), *Nerium indicum* (kaner), *Ficus religiosa* (peepal), *Parthenium hysterophorus* (gazar ghas), *Bombax ceiba* (semal), *Bauhinia variegate* (kachnar), *Cassia fistula* (amaltas), *Cassia tora* (chakvad), *Acacia nilotica* (babool), *Eucalyptus* (eucalyptus), *Emblica officinalis* (aonla), *Lantana camara* (lantana), *Ricinus communis* (arandi), etc;

**AND WHEREAS,** the Soor Sarovar Bird Sanctuary is habitat of *Anser anser* (greylag goose), *Anser indicus* (barheaded goose), *Tadorna ferruginea* (ruddy shelduck), *Sarkidiornis melanotos* (comb duck), *Dendrocygna javanica* (lesser whistling teal), *Anas acuta* (pintail), *Anas Crecca* (common teal), *Anas peocilorhyncha* (spotbilled duck), *Fulica atra* (common coot), *Anas strepera* (gadwall), *Himantopus himantopus* (black winged stilt), *Anas clypeata* (shoveler), *Netta rufina* (redcrested pochard), *Grus antigone* (sarus crane), *Amaurornis Phoenicurus* (white breasted waterhen), *Pelecanus onocrotalus* (great white pelican), *Ardea cinerea* (grey heron), *Threkiornis aethiopica* (white ibis), *Platalea leucorodia* (spoonbill), etc;

**AND WHEREAS,** the rare, endangered, endemic, threatened plant species found in the Soor Sarovar Bird Sanctuary *Feronia limonia* (kaitha), *Albizzia lebbek* (kala siras), *Phoenix sylvestris* (khajoor), *Minikara kara hexandra* (khirni), *Butea monosperma* (dhak), *Artocarpus lakoocha* (barhhal), *Madhuca indica* (mahua), *Moriga oleifera* (sahjan), *Zizyphus mauritiana* (jharveri), *Cuscuta reflexa* (amar bel), etc; While the rare, endangered, endemic, threatened fauna found in the protected area *Neophron percnopterus* (egyptian vulture), *Vanellus duvaucelii* (riper lapwing), *Sterna aurantia* (river-billied tern), *Pelecanus crispus* (dalmatian pelican), *Ciconia episcopus* (woolly-neck stork), *Clanga clanga* (greater spotted eagle), *Grus antigone* (sarus crane), *Mycteria leucocephala* (painted stork), *Ephippiorhynchus asiaticus* (black-necked stork), *Threskiornis melanocephalus* (black-headed ibis), *Aythya nyroca* (ferruginous duck), *Esacus recurvirostris* (great thick-knee), *Limosa limosa* (black-tailed godwit), *Tadorna tadorna* (common shelduck), *Phoenicopterus roseus* (greater flamingo), etc;

**AND WHEREAS,** it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of Soor Sarovar Bird Sanctuary which are specified in paragraph 1 as Eco-sensitive Zone from ecological, environmental and biodiversity point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

**NOW, THEREFORE,** in exercise of the powers conferred by sub-section (1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act 1986 (29 of 1986) (hereafter in this notification referred to as the Environment Act) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent of one kilometres uniform around the boundary of Soor Sarovar Bird Sanctuary, in Agra district in the State of Uttar Pradesh as the Eco-sensitive Zone (hereafter in this notification referred to as the Eco-sensitive Zone) details of which are as under, namely: -

1. **Extent and boundaries of Eco-sensitive Zone.** – (1) The Eco-sensitive Zone shall be to an extent of one kilometre uniform around the boundary of Soor Sarovar Bird Sanctuary (N 27°14' 4" and N 27°31' 52" and E 77°49' 38" and E 77°52' 40") situated in the Agra District of Uttar Pradesh and the area of the Eco-sensitive Zone is 10.20 square kilometres.

   (2) The boundary description of Soor Sarovar Bird Sanctuary and its Eco-sensitive Zone is appended in **Annexure-I.**

   (3) The maps of the Soor Sarovar Bird Sanctuary demarcating Eco-sensitive Zone along with boundary details and latitudes and longitudes are appended as **Annexure-IIA** and **Annexure-IIB.**

   (4) List of geo-coordinates of the boundary of Soor Sarovar Bird Sanctuary and Eco-sensitive Zone are given in Table **A** and Table **B** of **Annexure-III.**

   (5) The list of villages falling in the Eco-sensitive Zone along with their geo co-ordinates at prominent points is appended as **Annexure-IV.**

2. **Zonal Master Plan for Eco-sensitive Zone.**- (1) The State Government shall, for the purposes of the Eco-sensitive Zone prepare a Zonal Master Plan within a period of two years from the date of publication of this notification in the Official Gazette, in consultation with local people and adhering to the stipulations given in this notification for approval of the competent authority of State.

   (2) The Zonal Master Plan for the Eco-sensitive Zone shall be prepared by the State Government in such manner as is specified in this notification and also in consonance with the relevant Central and State laws and the guidelines issued by the Central Government, if any.

   (3) The Zonal Master Plan shall be prepared in consultation with the following Departments of the State Government, for integrating the ecological and environmental considerations into the said plan:-

   (i) Environment;

   (ii) Forest and Wildlife;

   (iii) Agriculture;

   (iv) Revenue;

   (v) Urban Development;

   (vi) Tourism;

   (vii) Rural Development;

   (viii) Irrigation and Flood Control;

   (ix) Municipal;

   (x) Panchayati Raj; and

   (xi) Public Works Department.

   (4) The Zonal Master Plan shall not impose any restriction on the approved existing land use, infrastructure and activities, unless so specified in this notification and the Zonal Master Plan shall factor in improvement of all infrastructure and activities to be more efficient and eco-friendly.

   (5) The Zonal Master Plan shall provide for restoration of denuded areas, conservation of existing water bodies, management of catchment areas, watershed management, groundwater management, soil and moisture conservation, needs of local community and such other aspects of the ecology and environment that need attention.

   (6) The Zonal Master Plan shall demarcate all the existing worshipping places, villages and urban settlements, types and kinds of forests, agricultural areas, fertile lands, green area, such as, parks and like places, horticultural areas, orchards, lakes and other water bodies with supporting maps giving details of existing and proposed land use features.

   (7) The Zonal Master Plan shall regulate development in Eco-sensitive Zone and adhere to prohibited and regulated activities listed in the Table in paragraph 4 and also ensure and promote eco-friendly development for security of local communities livelihood.

   (8) The Zonal Master Plan shall be co-terminus with the Regional Development Plan.

(9) The Zonal Master Plan so approved shall be the reference document for the Monitoring Committee for carrying out its functions of monitoring in accordance with the provisions of this notification.

3. **Measures to be taken by the State Government.**- The State Government shall take the following measures for giving effect to the provisions of this notification, namely:-

(1) **Land use.–** (a) Forests, horticulture areas, agricultural areas, parks and open spaces earmarked for recreational purposes in the Eco-sensitive Zone shall not be used or converted into areas for commercial or residential or industrial activities:

Provided that the conversion of agricultural and other lands, for the purposes other than that specified at part (a) above, within the Eco-sensitive Zone may be permitted on the recommendation of the Monitoring Committee, and with the prior approval of the competent authority under Regional Town Planning Act and other rules and regulations of Central Government or State Government as applicable and *vide* provisions of this Notification, to meet the residential needs of the local residents and for activities such as:-

(i) widening and strengthening of existing roads and construction of new roads;

(ii) construction and renovation of infrastructure and civic amenities;

(iii) small scale industries not causing pollution;

(iv) cottage industries including village industries; convenience stores and local amenities supporting eco-tourism including home stay; and

(v) promoted activities given under paragraph 4:

Provided further that no use of tribal land shall be permitted for commercial and industrial development activities without the prior approval of the competent authority under Regional Town Planning Act and other rules and regulations of the State Government and without compliance of the provisions of article 244 of the Constitution or the law for the time being in force, including the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006 (2 of 2007):

Provided also that any error appearing in the land records within the Eco-sensitive Zone shall be corrected by the State Government, after obtaining the views of Monitoring Committee, once in each case and the correction of said error shall be intimated to the Central Government in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change:

Provided also that the correction of error shall not include change of land use in any case except as provided under this sub-paragraph.

(b) Efforts shall be made to reforest the unused or unproductive agricultural areas with afforestation and habitat restoration activities.

(2) **Natural water bodies.**-The catchment areas of all natural springs shall be identified and plans for their conservation and rejuvenation shall be incorporated in the Zonal Master Plan and the guidelines shall be drawn up by the State Government in such a manner as to prohibit development activities at or near these areas which are detrimental to such areas.

(3) **Tourism or Eco-tourism.**- (a) All new eco-tourism activities or expansion of existing tourism activities within the Eco-sensitive Zone shall be as per the Tourism Master Plan for the Eco-sensitive Zone.

(b) The Eco-Tourism Master Plan shall be prepared by the Department of Tourism in consultation with State Departments of Environment and Forests.

(c) The Tourism Master Plan shall form a component of the Zonal Master Plan.

(d) The Tourism Master Plan shall be drawn based on the study of carrying capacity of the Eco-sensitive Zone.

(e) The activities of eco-tourism shall be regulated as under, namely:-

(i) new construction of hotels and resorts shall not be allowed within one kilometre from the boundary of the protected area or upto the extent of the Eco-sensitive Zone whichever is nearer:

Provided that beyond the distance of one kilometre from the boundary of the protected area till the extent of the Eco-sensitive Zone, the establishment of new hotels and resorts shall be allowed only in pre-defined and designated areas for eco-tourism facilities as per Tourism Master Plan;

(ii) all new tourism activities or expansion of existing tourism activities within the Eco-sensitive Zone shall be in accordance with the guidelines issued by the Central Government in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change and the eco-tourism guidelines issued by National Tiger Conservation Authority (as amended from time to time) with emphasis on eco-tourism, eco-education and eco-development;

(iii) until the Zonal Master Plan is approved, development for tourism and expansion of existing tourism activities shall be permitted by the concerned regulatory authorities based on the actual site specific scrutiny and recommendation of the Monitoring Committee and no new hotel/resort or commercial establishment construction shall be permitted within Eco-sensitive Zone area.

(4) **Natural heritage.-** All sites of valuable natural heritage in the Eco-sensitive Zone, such as the gene pool reserve areas, rock formations, waterfalls, springs, gorges, groves, caves, points, walks, rides, cliffs, etc. shall be identified and a heritage conservation plan shall be drawn up for their preservation and conservation as a part of the Zonal Master Plan.

(5) **Man-made heritage sites.-** Buildings, structures, artefacts, areas and precincts of historical, architectural, aesthetic, and cultural significance shall be identified in the Eco-sensitive Zone and heritage conservation plan for their conservation shall be prepared as part of the Zonal Master Plan.

(6) **Noise pollution.** - Prevention and control of noise pollution in the Eco-sensitive Zone shall be complied with in accordance with the provisions of the Noise Pollution (Regulation and Control) Rules, 2000 under the Environment Act.

(7) **Air pollution.-** Prevention and control of air pollution in the Eco-sensitive Zone shall be compiled in accordance with the provisions of the Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981 (14 of 1981) and the rules made thereunder.

(8) **Discharge of effluents.-** Discharge of treated effluent in Eco-sensitive Zone shall be in accordance with the provisions of the General Standards for Discharge of Environmental Pollutants covered under the Environment Act and the rules made thereunder or standards stipulated by State Government whichever is more stringent.

(9) **Solid wastes.-** Disposal and Management of solid wastes shall be as under:-

(a) the solid waste disposal and management in the Eco-sensitive Zone shall be carried out in accordance with the Solid Waste Management Rules, 2016 and published by the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change *vide* notification number S.O. 1357(E), dated the 8th April, 2016; the inorganic material may be disposed in an environmental acceptable manner at site identified outside the Eco-sensitive Zone;

(b) safe and Environmentally Sound Management (ESM) of Solid wastes in conformity with the existing rules and regulations using identified technologies may be allowed within Eco-sensitive Zone.

(10) **Bio-Medical Waste.–** Bio Medical Waste Management shall be as under:-

(a) the Bio-Medical Waste disposal in the Eco-sensitive Zone shall be carried out in accordance with the Bio-Medical Waste Management, Rules, 2016 published by the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change *vide* notification number G.S.R 343 (E), dated the 28th March, 2016.

(b) safe and Environmentally Sound Management of Bio-Medical Wastes in conformity with the existing rules and regulations using identified technologies may be allowed within the Eco-sensitive Zone.

